RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत
दैनिक समाचार पत्र
sancharjagat.com
editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 271 जयपुर, शनिवार, 31 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठः 8

किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी

बाप भी जाएगा पर पीएम का जवाब, मोदी कहीं नहीं जाएगा

गुजरात के बनासकांठा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अंतिम क्षण तक मैं जनता की सेवा में ही रहूंगा...

नई दिल्ली/संचार जगत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संकल्प लिया कि वे अपनी आखिरी सांस तक भारत की जनता की सेवा करते रहेंगे। पीएम का यह बयान इसलिए अहम है क्योंकि उन्होंने ये बयान तब दिया है जब कुछ ही दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक कार्यक्रम में कहा था कि मोदी का बाप भी जाएगा।

विपक्ष का मकसद पूरे देश में अफरा-तफरी फैलाना था, ताकि मोदी को बदनाम किया जा सके

इस बयान से राजनीतिक गलियारों में भारी हंगामा मच गया था। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि जब देश किसी संकट का सामना कर रहा होता है, तो वे खुश होते हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच वे खाद और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर लोगों के बीच घबराहट फैला रहे हैं। मोदी ने कहा कि किसान, युवा और महिलाएं एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि कुछ लोगों को देश की यह तरक्की रास नहीं आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के बनासकांठा जिले के भिलडी कस्बे में भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

आलू से सोना पर पीएम मोदी ने कसा तंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा में कहा कि यहां का आलू दुनियाभर में मशहूर है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, बनासकांठा में आकर कोई नहीं कहता कि आलू से सोना बनाएंगे, क्योंकि यहां के लोग पहले ही आलू से सोना बना रहे हैं। हम चाहते हैं कि किसानों की गोबर से भी कमाई बढ़े। गोबर और खेती के अवशेषों से बायोगैस बायो सीएनजी और जैविक खाद बनाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बढ़े। हमने मुफ्त टीकाकरण शुरू किया। 8 करोड़ से ज्यादा किसानों के पशुओं को मुफ्त टीके लगे हैं। इससे उनका पैसा बचा है। इससे दूध उत्पादन बढ़ा है। 2013-14 में एक गाय-भैंस से 5 लीटर से भी कम दूध मिलता था। आज वह बढ़कर 8 लीटर हो गया है।

शांति वार्ता को लेकर फिलहाल कोई सहमति बनती नजर नहीं आ रही

ईरान का अमेरिका को जवाब, 7 शर्तें माने बिना आगे नहीं बढ़ेगी बातचीत

गालिबाफ बोले, अमेरिका के दबाव में ईरान तुरंत कोई फैसला नहीं लेगा

नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने की कोशिशों के बावजूद शांति वार्ता को लेकर सहमति बनती नजर नहीं आ रही है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने साफ कर दिया है कि अमेरिका के दबाव में ईरान कोई फैसला नहीं लेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत तभी आगे बढ़ सकती है, जब तेहरान की ओर से रखी गई सात शर्तों को स्वीकार किया जाएगा। गालिबाफ ने अमेरिका की नीति को गाजर और डंडे वाला रवैया बताते हुए कहा कि इससे ईरान पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

मो. बाघेर गालिबफ ने गुरुवार को एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान की शर्तों के बारे में मध्यस्थों को कई बार स्पष्ट जानकारी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ओर से दबाव और रियायतों का एक साथ इस्तेमाल करने की रणनीति काम नहीं करेगी। गालिबाफ के मुताबिक, शांति वार्ता में आगे बढ़ने का रास्ता तभी खुलेगा, जब ईरान की सात शर्तों पर सहमति बनेगी. उनका यह बयान उन खबरों के बीच आया है, जिनमें दावा किया गया था कि मध्यस्थों ने तेहरान को चेतावनी दी है कि अगर उसने परमाणु कार्यक्रम को लेकर रियायतें नहीं दीं तो अमेरिका दोबारा हवाई हमले कर सकता है।



वेंस ने ईरान को भेजा पत्र, अभी जवाब नहीं दिया

इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता दोबारा शुरू कराने की कोशिशें भी जारी हैं। ईरानी समाचार एजेंसियों तस्नीम और फार्स ने गुरुवार को बताया कि ईरान को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की ओर से एक पत्र मिला है। हालांकि, तेहरान ने अभी तक इस पर कोई जवाब नहीं दिया है। तस्नीम ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि ईरान को पत्र मिल चुका है, लेकिन उसकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। फार्स ने भी मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र के हवाले से इसी तरह की खबर दी। इससे पहले द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में बताया था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर जेडी वेंस ने ईरान के सुरक्षा प्रमुख मोहसेन रेजाई को पत्र भेजा था। इसका मकसद दोनों देशों के बीच बातचीत का रास्ता फिर से खोलना और अमेरिका की ओर से संभावित सैन्य कार्रवाई को रोकना था। रिपोर्ट के अनुसार, पत्र और उसके बाद दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हुई बातचीत में किसी अंतिम शांति समझौते की शर्तें तय करने के बजाय बातचीत के लिए एक संभावित ढांचा तैयार करने पर जोर दिया गया।

होर्मुज में टैंकर पर पहली बार चुंबक बम से हमला, 27 भारतीय नाविक सुरक्षित

तेहरान। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज में दो तेल टैंकरों को निशाना बनाया है। दोनों जहाजों पर कुल 29 भारतीय नाविक सवार थे। राहत की बात यह है कि सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। मंत्री के मुताबिक, 30 अक्तूबर को पनामा के झंडे वाले कच्चे तेल के टैंकर एमटी लुईस-1 पर पहली बार लिम्पेट माइन्स (एक तरह का चुंबक बम) से हमला किया गया। इस जहाज पर 27 भारतीय नाविक सवार थे। हमले के बावजूद जहाज का पूरा चालक दल सुरक्षित है।

लगातार दो जहाजों को बनाया निशाना: सोनोवाल

सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि इससे एक दिन पहले यानी 29 अक्तूबर को लाइबेरिया के झंडे वाले विशाल कच्चे तेल के टैंकर एमटी अरजानाह को भी होर्मुज जलडम मध्य में निशाना बनाया गया था। इस जहाज पर दो भारतीय नागरिक सवार थे। इस पर भी प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया, लेकिन दोनों भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। इस तरह दो दिनों में दो जहाजों पर हुए हमलों के बावजूद सभी 29 भारतीय नाविकों को कोई चोट नहीं आई है।

रब्बी ने उड़ाया गौ पूजा और गोमूत्र का मजाक

सोशल मीडिया पर हो रही कड़ी आलोचना

नई दिल्ली/संचार जगत

हिंदुओं के गाय पूजने को लेकर विवादित टिप्पणी करने वाले इजराइली-अमेरिकी रब्बी योसी मिजराची की सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना हो रही है। उनका एक वीडियो इस हफ्ते सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने हिंदुओं और उनकी धार्मिक परंपराओं को लेकर आपत्तिजनक बातें कहीं। उनकी टिप्पणियों को लेकर भारत और इजराइल समेत कई जगहों पर नाराजगी सामने आई



है। कई लोगों ने उन्हें नस्लवादी बताते हुए हिंदू धार्मिक परंपराओं के अपमान का आरोप लगाया। वीडियो में मिजराची ने दावा किया कि हिंदू गाय की पूजा करते हैं और गोमूत्र पीते हैं।

उन्होंने भारतीय डॉक्टरों को लेकर भी मजाक किया और कहा कि कुछ डॉक्टर भी ऐसा करते हैं। उन्होंने नई दिल्ली में सड़कों पर गायों के कारण ट्रैफिक रुकने को लेकर भी टिप्पणी की।

बदरीनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश, 6 लोगों की मौत



नई दिल्ली/संचार जगत

फाटा जाते वक्त हुआ था हादसा, इसमें सवार सभी 6 लोगों के मिले शव

चार धामों में प्रमुख बदरीनाथ धाम से वापस लौट रहा हेलीकॉप्टर शुक्रवार को क्रैश हो गया। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 6 लोग सवार थे जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पवार के मुताबिक, हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पायलट सहित सभी 6 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

पुलिस, एसडीआरएफ और सेना की संयुक्त टीमें घटनास्थल पर रेस्क्यू अभियान में जुटी हैं। सभी शवों को दुर्गम घटनास्थल से सड़क मार्ग तक लाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। सभी यात्री बेंगलुरु के बताए जा रहे हैं। हेलीकॉप्टर में पायलट हिमांशु, यात्रियों में प्रथापा, अरुण सालुंके, शंकरगौड़ा वीजी, सुधीर के और एच.एस. नागाराजा सवार थे। जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर दोपहर सवा एक बजे के आसपास बदरीनाथ से देहरादून के लिए उड़ा था।

सहमति से बने संबंध में ब्रेकअप पर रेप का आरोप लगाना गलत

सुप्रीम कोर्ट ने रिश्ते टूटने पर धोखाधड़ी और आपराधिक मामले दर्ज कराने के देश में बढ़ते चलन पर जताई चिंता

नई दिल्ली/संचार जगत



सुप्रीम कोर्ट ने सहमति से बने रिश्तों के टूटने के बाद पुरुषों के खिलाफ रेप और धोखाधड़ी के मामले दर्ज कराने के बढ़ते ट्रेंड पर चिंता जताई है।

अदालत ने शुक्रवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि जब कोई रिश्ता अच्छे दौर में था, तब बनी शारीरिक नजदीकी को सिर्फ इसलिए बाद में रेप नहीं कहा जा सकता, क्योंकि रिश्ता खराब हो गया या टूट गया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने केरल के एक व्यक्ति को रेप और धोखाधड़ी के आरोपों से मुक्त करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में यह समझना जरूरी है कि कहां शुरुआत से ही धोखे या जानबूझकर किए गए छल के कारण यौन संबंध के लिए मिली सहमति कानूनी रूप से अमान्य थी और कहां रिश्ता खत्म होने के बाद व्यक्ति को पहले बनाए गए सहमति से बने संबंधों पर पछतावा हो रहा है।

सहमति और धोखे में अंतर

महिला पहले भी एक शादी कर चुकी थी और उसका तलाक हो चुका था। उसने आरोपी के खिलाफ रेप, धोखाधड़ी और विश्वासघात के आरोप लगाए थे। शिकायत के अनुसार, दोनों ने 1996 से 2003 तक मैसूर में शादी करने के बाद साथ रहकर वैवाहिक जीवन बिताया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को रेप और धोखाधड़ी के आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत की टिप्पणी का मुख्य आधार यह था कि सहमति से बने संबंध और शुरुआत से ही धोखे के जरिए हासिल की गई सहमति के मामलों में अंतर करना जरूरी है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि किसी महिला के साथ लंबे समय से रिलेशनशिप में होने या उससे सगाई हो जाने का मतलब यह नहीं है कि पुरुष को उसकी सहमति के बिना यौन संबंध बनाने का अधिकार मिल जाता है।

एडीपीओ पदों पर लिपिक की पदोन्नति असंवैधानिक

हाईकोर्ट ने कहा, अब कोई भी नई पदोन्नति नहीं की जाएगी

नई दिल्ली/संचार जगत



मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए सहायक जिला अभियोजन अधिकारी (एडीपीओ) के पदों पर मिनिस्टीरियल और क्लैरिकल (लिपिक वर्गीय) कर्मचारियों के लिए बनाए गए पदोन्नति कोटे को पूरी तरह से रद्द कर दिया है।

न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया और न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने वर्ष 2002 के उस संशोधन को खारिज कर दिया, जिसके तहत तृतीय श्रेणी के लिपिकों को सीधे एडीपीओ के पद पर पदोन्नत करने का प्रावधान किया गया था।

पूर्व में हो चुके पद सुरक्षित

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि चूंकि इस संशोधन के तहत पहले लाभ पा चुके कर्मचारियों को याचिका में पक्षकार नहीं बनाया गया था और न ही उनकी पदोन्नति को चुनौती दी गई थी, इसलिए इस फैसले का असर उन कर्मचारियों पर नहीं पड़ेगा, जो याचिका दायर होने से पहले पदोन्नत हो चुके हैं। हालांकि, अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि भविष्य में एडीपीओ के पद पर इस प्रकार की कोई भी नई पदोन्नति नहीं की जाएगी।

पहलवान मनीषा ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, आरएनएन। भारतीय



कुश्ती को आखिरकार एक महिला विश्व चैंपियन मिल गई। शुक्रवार को विश्व चैंपियनशिप के 59 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में मनीषा भनवाला ने शानदार वापसी करते हुए अमेरिकी पहलवान एबिगेल नेट को 8-6 से हरा दिया। भारतीय कुश्ती के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है। मनीषा विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। सुशील कुमार (जिन्होंने 2010 में पुरुषों के 66 किलोग्राम वर्ग में खिताब जीता था) के बाद, यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह कुल मिलाकर दूसरी भारतीय हैं। 29 वर्षीय मनीषा की इस जीत ने विश्व चैंपियन के लिए भारत के लंबे इंतजार को खत्म कर दिया।

बड़ी उपलब्धि इसरो ने श्रीहरिकोटा से एनवीएस-03 सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग की, रचा इतिहास

अमेरिकी जीपीएस नहीं, अब अपना नेविगेशन सिस्टम

नई दिल्ली/संचार जगत

इसरो ने 30 अक्टूबर 2026 की रात 11.51 बजे जीएसएलवी-एफ18 रॉकेट के जरिए एनवीएस-03 सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर में लॉन्च पैड 2 से हुई। इस सैटेलाइट को इसरो 170 किलोमीटर के पेरिजी और 37023 किलोमीटर की एपोजी वाले ऑर्बिट में तैनात करेगा। यानी यह ऑर्बिट गोल नहीं बल्कि अंडाकार होगी।

पेरिजी यानी धरती से नजदीकी दूरी और एपोजी यानी पृथ्वी से अधिकतम दूरी। इससे एनएवीआईसी की सेवाएं बेहतर होंगी और जीपीएस पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। यानी मोबाइल पर रास्ता देखना हो, गाड़ी की लोकेशन पता करनी हो या समुद्र में जहाज की दिशा जाननी हो, इन सभी कामों के लिए सैटेलाइट की मदद ली जाती है। इससे देश की सेनाओं को बेहतर



और सटीक नेविगेशन मिलेगा। जहां दुनिया के कई देश नेविगेशन के लिए अमेरिका के जीपीएस का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन भारत भी अपना नेविगेशन सिस्टम मजबूत कर रहा है। यह इसलिए भी जरूरी है कि जंग के माहौल में हमारी सेनाओं को सही लोकेशन और नेविगेशन के लिए विदेश पर निर्भर न रहना पड़े।

एनएवीआईसी कैसे करता है काम

एनएवीआईसी का पूरा नाम नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन है। यह भारत का अपना नेविगेशन सिस्टम है। इसे अमेरिकी जीपीएस की तरह समझ सकते हैं। इसकी मदद से किसी जगह की लोकेशन, रास्ते और समय की जानकारी मिलती है। एनएवीआईसी को भारत के पूरे इलाके और देश की सीमा से करीब 1500 किलोमीटर आगे तक सेवाएं देने के लिए तैयार किया गया है। इसके जरिए आम लोग भी लोकेशन से जुड़ी जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा सुरक्षा से जुड़े कामों में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें दो तरह की सेवाएं हैं। पहली स्टैंडर्ड पोजिशनिंग सर्विस है, जिसका इस्तेमाल आम लोग कर सकते हैं। दूसरी रिस्ट्रिक्टेड सर्विस है, जो खास तौर पर सुरक्षा और सरकारी जरूरतों के लिए है।

क्या है एनवीएस-03 सैटेलाइट

एनवीएस-03 भारत के नए नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम का तीसरा सैटेलाइट है। इसे इसलिए तैयार किया गया है ताकि भारत का एनएवीआईसी सिस्टम लगातार काम करता रहे और इसकी सेवाएं बेहतर हों। इस सैटेलाइट में सबसे खास चीज स्वदेशी परमाणु घड़ी है। इसके साथ विदेश से खरीदी गई परमाणु घड़ियां भी लगाई गई हैं। परमाणु घड़ी का काम बहुत सटीक समय बताना होता है। नेविगेशन सिस्टम में सही समय की जानकारी बहुत जरूरी होती है। इसी की मदद से सैटेलाइट यह पता लगाने में मदद करते हैं कि कोई व्यक्ति या वाहन किस जगह पर है। एनवीएस-03 में एल1 सिग्नल भी जोड़ा गया है। अभी एनएवीआईसी में एल5 और एस बैंड के सिग्नल का इस्तेमाल होता है। एल1 सिग्नल जुड़ने से एनएवीआईसी को दूसरे नेविगेशन सिस्टम के साथ इस्तेमाल करना आसान हो सकता है। इससे इस सिस्टम को ज्यादा डिवाइस तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक होगी जनगणना

सरकार ने शेड्यूल जारी किया, आजादी के बाद पहली बार पूछी जाएगी जाति, 5 राज्यों को छूट

नई दिल्ली/संचार जगत

- 10 से 24 जनवरी तक लोग खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे
- 1 से 5 मार्च तक रिविजन राउंड होगा

देश में जनगणना की तारीखों का ऐलान हो गया है। सरकार के मुताबिक जनगणना का काम 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक चलेगा। यह काम बर्फ से ढके राज्यों और चुनाव वाले राज्यों को छोड़कर पूरे देश में होगा।

जनगणना की रेफरेंस डेट 1 मार्च 2027 की रात 12:00 बजे रखी गई है। लोग चाहें तो 10 जनवरी से 24 जनवरी 2027 तक खुद भी अपनी जानकारी भर सकेंगे। इसके बाद 1 मार्च से 5 मार्च 2027 तक रिविजनल राउंड होगा। ये सभी जानकारियां सरकार की ओर से दी गई हैं। अब सवाल यह है कि कौन से इलाके इस दौरान जनगणना से बाहर रहेंगे। सरकार ने साफ किया है कि चुनाव वाले राज्यों मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड में यह जनगणना नहीं होगी। इसके अलावा बर्फ से ढके इलाकों में भी जनगणना नहीं की जाएगी।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार प्रातः 6 बजे अमर जवान ज्योति से शुरू होगी 'रन फॉर यूनिटी

सवाई मानसिंह स्टेडियम का चक्कर लगाकर टोंक रोड, रामबाग सर्किल एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्किल होते हुए अमर जवान ज्योति पर संपन्न होगी दौड़



संचार जगत

जयपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर, शनिवार को जयपुर में 'रन फॉर यूनिटी' होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6 बजे अमर जवान ज्योति (जनपथ) के सामने से होगा।

जिला कलक्टर संदेश नायक ने बताया कि दौड़ में शामिल प्रतिभागी अमर जवान ज्योति से प्रारंभ होकर सवाई मानसिंह स्टेडियम का पूर्ण चक्कर लगाकर टोंक रोड से रामबाग सर्किल एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्किल से पुनः अमर जवान ज्योति आएंगे। जिला कलक्टर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि 'रन फॉर यूनिटी' का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं आपसी सद्भाव की भावना को प्रोत्साहित करना है।

विधानसभा अध्यक्ष ने दी दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं

संचार जगत

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि दीपावली का पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के लिए मंगलकारी हो। देवनानी शुक्रवार को नगर निगम परिसर में आयोजित दशहरा-दीपावली मेले में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मेले में मौजूद दर्शकों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और सभी के सुखमय एवं समृद्ध जीवन की कामना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने नवनियुक्त महापौर पारस सिंघवी की सराहना करते हुए उन्हें युवा और ऊर्जावान जनप्रतिनिधि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि पारस सिंघवी के नेतृत्व में आने वाले समय में उदयपुर शहर में चहुंमुखी विकास देखने को मिलेगा। शहर विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के नए अवसर सामने आएंगे।

खबर संक्षेप

पाक के लिए जासूसी करने वाला जवान अरेस्ट



सिलीगुड़ी। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा करने के आरोप में पंजाब पुलिस, स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सेल ने बंगाल में अलीपुरद्वार जिले के अधीन हासीमारा से एक सेना के जवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजबीर सिंह के रूप में हुई है। वह असम का निवासी है। हासीमारा स्थित 15 जाट रेजिमेंट में कार्यरत था। पंजाब पुलिस की टीम ने उसे हासीमारा से गिरफ्तार करने के बाद सिलीगुड़ी कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसके ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी।

अटलांटा पहुंचे जयशंकर जी20 में शामिल हुए

अटलांटा। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शुक्रवार को जी20 विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने के लिए अटलांटा पहुंचे। अमेरिका के अनुसार, इस बैठक में एनर्जी, सप्लाई चेन और समुद्री रास्तों को खुला रखने पर फोकस रहेगा। ये मुद्दे भारत के तेल, एलएनजी और उर्वरक आयात के लिए बेहद अहम हैं। वे इस बैठक के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे और कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। जयशंकर 1 से 4 नवंबर तक राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक के लिए एंटीगुआ और बारबुडा जाएंगे।

19वां संयुक्त आयोग सत्र आयोजित

भारत-बेल्जियम-लक्जमबर्ग आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए हुए सहमत



बैठक को संबोधित करते राजेश अग्रवाल (दाएं)

संचार जगत

भारत, बेल्जियम और लक्जमबर्ग के बीच व्यापार एवं आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से 19वें भारत-बेल्जियम-लक्जमबर्ग आर्थिक संघ (बीएलईयू) संयुक्त आर्थिक आयोग (जेईसी) का लक्जमबर्ग में आयोजित किया गया। बैठक में तीनों देशों के बीच मौजूदा व्यापार और निवेश संबंधों की समीक्षा की गई और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा हुई। सत्र की सह-अध्यक्षता भारत सरकार के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल, बेल्जियम के विदेश मामलों, विदेशी व्यापार एवं विकास सहयोग से जुड़े संघीय सार्वजनिक सेवा विभाग के जियो-इकोनॉमी और आर्थिक कूटनीति महानिदेशक फिलिप वैनडेन बुल्के तथा लक्जमबर्ग के विदेश एवं यूरोपीय मामलों, रक्षा, विकास सहयोग और विदेशी व्यापार मंत्रालय के महासचिव हेनरी शूमाकर ने की। तीनों पक्षों ने एयरोस्पेस, अनुसंधान एवं नवाचार, उच्च शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाएं तलाशने पर भी सहमति जताई।

आर्थिक भागीदारी करेंगे मजबूत

बैठक में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, कारोबार को सुगम बनाने तथा आपसी हित के क्षेत्रों में आर्थिक भागीदारी मजबूत करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा में लॉजिस्टिक्स, हवाई संपर्क, बंदरगाह, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, फिनटेक, डिजिटल बदलाव, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, जीवन विज्ञान, आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा और कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्र शामिल रहे। तीनों देशों ने अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं पर विचार साझा किए और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। साथ ही, कारोबार और निवेश साझेदारी को आगे बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की गई।

कंपनियों के सीईओ से की मुलाकात

संयुक्त आर्थिक आयोग के सत्र के बाद वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने लक्जमबर्ग स्थित कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि और निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने वित्तीय सेवाओं, उन्नत विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वाणिज्य सचिव ने लक्जमबर्ग की कंपनियों को भारत में दीर्घकालिक निवेश, प्रौद्योगिकी साझेदारी और भारतीय कंपनियों के साथ जुड़कर वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का हिस्सा बनने के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

लोकतंत्र के उत्सव में दिखा मतदाताओं का उत्साह, जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

सरपंच चुनाव के दौरान शाहपुरा, जाहोता, जालसू, चंदवाजी एवं राडावास सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया निरीक्षण

संचार जगत



जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव के द्वितीय चरण के तहत शुक्रवार को जयपुर जिले की पांच पंचायत समितियों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान के दौरान लोकतंत्र के प्रति मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला।

मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर निर्वाचन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शाहपुरा, जाहोता, जालसू, चंदवाजी एवं राडावास सहित विभिन्न क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया की स्थिति, मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान बिजली, पेयजल, स्वच्छता, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी जांची।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के लिए पहुंचे मतदाताओं से आत्मीय संवाद किया और मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने मतदाताओं को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक मतदाता की जागरूकता और सहभागिता से सुनिश्चित होती है। उन्होंने मतदान प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

युवा मतदाताओं के शत-प्रतिशत पंजीकरण का लक्ष्य हासिल करने के लिए निर्देश जारी

संचार जगत

जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के पात्र युवाओं एवं प्रथम बार मतदाताओं के मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए विशेष अभियान पूर्व से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत अब शत-प्रतिशत पंजीकरण का लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान नवीन महाजन ने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक पात्र युवा का चिन्हीकरण कर उसका मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी पात्र युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में संस्थानवार सत्यापन: अभियान के अंतर्गत राज्य के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत पात्र युवाओं का संस्थानवार विवरण प्राप्त कर उनके मतदाता पंजीकरण की स्थिति का सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित शिक्षा अधिकारियों एवं शैक्षणिक संस्थानों से समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों की जन्मतिथि सहित सूची प्राप्त करने तथा पंजीकरण से वंचित पात्र युवाओं की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं। पंजीकरण से शेष पात्र विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त करने के लिए संबंधित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उच्च शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर पात्र विद्यार्थियों का विवरण संकलित कर उनके पंजीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान से पात्र युवाओं की कुल संख्या, मतदाता सूची में पंजीकृत युवाओं की संख्या, अग्रिम पंजीकरण के लिए आवेदन करने वाले युवाओं की संख्या तथा पंजीकरण से शेष युवाओं का विवरण संकलित किया जाएगा।

ग्रामीण महिला उद्यमियों के उत्पादों और राजस्थानी जायकों ने मोहा विजिटर्स का मन

राजीविका दिवाली मेला-2026 में तीसरे दिन भी उमड़ी भीड़

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) की ओर से जयपुर स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान (IGPRS) परिसर में आयोजित राजीविका दिवाली मेला-2026 अपने पूरे परवान पर है।

आठ दिवसीय मेले के तीसरे दिन भी आगंतुकों की अच्छी खासी आवाजाही देखने को मिली। मेले में खरीदारी के साथ पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों और विभिन्न खाद्य उत्पादों का स्वाद लेने का भी लोगों में खासा उत्साह नजर आया। मेले में ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों, पारंपरिक हस्तशिल्प, हैंडलूम और दिवाली की सजावटी सामग्री को देखने एवं खरीदने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। दिवाली मेला खरीदारी, खानपान, पारंपरिक कला और मनोरंजन का एक आकर्षक संगम बन रहा है।

कोटा डोरिया एवं ब्लू पॉटरी विशेष आकर्षण

मेले में कोटा डोरिया की साड़ियां, जयपुर की प्रसिद्ध ब्लू पॉटरी, पारंपरिक कशीदाकारी, सजावटी एवं घरेलू हस्तनिर्मित उत्पाद, डोरमैट, कारपेट और अन्य हैंडलूम उत्पाद आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वहीं, दिवाली के अवसर पर घरों को सजाने के लिए दीये, कैंडल, रंगोली, आकर्षक सजावटी सामग्री और पारंपरिक हस्तनिर्मित वस्तुओं की भी अच्छी मांग देखने को मिल रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर ने की अनुशासनहीनता पर सख्त कार्रवाई

आदेश के बावजूद नहीं पहुंचे चुनाव ड्यूटी पर, 4 कांस्टेबलों की सेवा समाप्त

संचार जगत

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने अनुशासनहीनता और कर्तव्य के प्रति लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई की है। बिना आधिकारिक अनुमति के लंबे समय से अनुपस्थित और निर्वाचन जैसी महत्वपूर्ण ड्यूटी पर आदेश के बाद भी गैरहाजिर रहने पर 4 कांस्टेबल (प्रशिक्षु) को सेवा से पृथक किया गया है।

पुलिस कमिश्नर मित्तल ने कहा कि पुलिस बल में अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है। इलेक्शन जैसी महत्वपूर्ण ड्यूटी पर भी नहीं आना अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा है। किसी भी कार्मिक की अनधिकृत गैरहाजिरी से ड्यूटी व्यवस्था के साथ-साथ पुलिस फोर्स के अनुशासन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए 4 कांस्टेबल (प्रशिक्षु) को सेवा से पृथक करने के निर्देश दिए। इस संबंध में पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) अनुष्ठा कालिया ने आदेश जारी किए हैं। सेवा से पृथक होने वाले रिक्रूट कांस्टेबलों में लोकेश कश्यप रि. कानि.-10033, श्री विजय सिंह रि. कानि 4049, मोहरी लाल रि. 7997, बजरंग लाल रि. कानि 7346 शामिल हैं।

पंचायतीराज आम चुनाव के द्वितीय चरण में सरपंच पदों के लिए सायं 6 बजे तक 82.47 प्रतिशत मतदान

संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव के द्वितीय चरण के तहत जयपुर जिले की पांच पंचायत समितियों की 112 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों के लिए शुक्रवार को मतदान कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि सायं 6 बजे तक कुल 82.47 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

इस दौरान कुल 3,78,364 मतदाताओं में से 3,12,035 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

उन्होंने बताया कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पंचायत समिति क्षेत्र अमरसर में 80.94 प्रतिशत, आमेर में 82.09 प्रतिशत, जालसू में 82.49 प्रतिशत, रामपुरा डाबड़ी में 84.43 प्रतिशत तथा शाहपुरा में 82.63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

इनमें रामपुरा डाबड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में सर्वाधिक 84.43 प्रतिशत मतदान हुआ।

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम-2023 पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के लिए कार्यशाला आयोजित

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने डिजिटल गवर्नेंस में साइबर सुरक्षा एवं नागरिकों के डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित करने पर दिया जोर

संचार जगत



जयपुर। हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान (एचसीएम रीपा), जयपुर में वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के लिए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम-2023 विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DOIT&C) द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD) ने नॉलेज पार्टनर के रूप में सहभागिता की। कार्यशाला में राज्य के सभी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला के प्रारंभ में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मुख्य वक्तव्य दिया। इस दौरान एचसीएम रीपा की महानिदेशक श्रेया गुहा तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सचिव रवि कुमार सुरपुर भी उपस्थित रहे।

डिजिटल गवर्नेंस के लिए साइबर सुरक्षा और डेटा संरक्षण अनिवार्य : मुख्य सचिव

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि 21वीं सदी में सुशासन के लिए सेवाओं की डिजिटल माध्यम से प्रदायगी आवश्यक है।

इसके लिए सरकार द्वारा संचालित डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सेवाओं के प्रभावी विस्तार के लिए नागरिकों के अनुकूल डेटा संरक्षण व्यवस्था विकसित करने के साथ ही उनके व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता के संबंध में सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आमजन का विश्वास मजबूत करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम-2023 जैसे कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं महत्वपूर्ण हैं। इससे अधिनियम की प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों को व्यक्तिगत डेटा संरक्षण के कानूनी प्रावधानों से अवगत कराने में सहायता मिलेगी। उन्होंने इस विषय से जुड़े विभिन्न न्यायिक निर्णयों का भी उल्लेख किया।

नागरिकों के डेटा का उद्देश्यपरक उपयोग एवं साइबर स्वच्छता पर जोर

मुख्य सचिव ने कहा कि मौजूदा कानूनी प्रावधानों के अनुसार सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं सेवाओं के माध्यम से उपलब्ध नागरिकों के व्यापक व्यक्तिगत डेटा का उपयोग केवल लक्षित सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए ही किया जाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों एवं सरकारी कार्मिकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स तथा सरकारी डेटा सेंटर को साइबर हमलों से सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने इन प्लेटफॉर्म्स पर साइबर स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए उपादेयता के आधार पर डेटा का निर्धारित अवधि तक ही संरक्षण एवं समय पर विलोपन, समय-समय पर पासवर्ड बदलने, डेटा गोपनीयता के उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक कानूनी कार्रवाई तथा प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र विकसित करने पर जोर दिया।

सीएमए नीतीश कालरा ने किया कार्यशाला का संचालन, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम पर विस्तृत चर्चा: कार्यशाला का संचालन कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट (CMA) नीतीश कालरा ने किया।

कार्यशाला में वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 (DPDP Act) के विभिन्न प्रावधानों, उसकी प्रासंगिकता एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान नागरिकों के डिजिटल व्यक्तिगत डेटा के सुरक्षित, पारदर्शी एवं प्रभावी उपयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप डेटा का उपयोग किस प्रकार सुशासन, बेहतर प्रशासनिक सेवाओं एवं नागरिकों के हितों को सुनिश्चित करने में किया जा सकता है। साथ ही, व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता एवं सुरक्षा बनाए रखने की आवश्यकता पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

प्रश्नोत्तर सत्र भी हुआ आयोजित

कार्यशाला के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों ने अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं उनके व्यावहारिक क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

अंत में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार सचिव ने संक्षिप्त उद्बोधन के माध्यम से सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

राज्य के प्रमुख मंदिरों में होंगे लाइव दर्शन



संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में धार्मिक स्थलों के विकास और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंदिरों की जमीन का योजनाबद्ध विकास करने तथा तीर्थयात्रियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं और देखभाल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। श्रीनिवास ने सचिवालय में देवस्थान विभाग की समीक्षा बैठक में राज्य के मंदिरों की भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इसके लिए राजस्व, गृह और देवस्थान विभाग को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने को कहा। मुख्य सचिव ने राज्य के प्रमुख मंदिरों में लाइव दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराने और वहां की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिला कलेक्टरों के माध्यम से नए मंदिरों की सूची तैयार की जाएगी। श्रीनिवास ने ट्रस्टों का पंजीकरण प्राथमिकता से करने, पुजारियों के खाली पद भरने और पुजारी संवर्ग की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने दान राशि के प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि विभागीय कामकाज में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को उत्कृष्टता केंद्र बनाए जाने का किया आह्वान

संचार जगत



जयपुर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों में शोध और नवाचारों को बढ़ावा देते हुए उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार कोर्स विकसित करते हुए राज्य के विश्वविद्यालयों को उत्कृष्टता के केंद्र बनाए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं को पाठ्यपुस्तकों के अलावा विषय विशेषज्ञों के ऑनलाइन व्याख्यान करवाने और कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों के क्रियान्वयन की भी आवश्यकता जताई। समीक्षा बैठक में बागडे ने राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत भवन निर्माण और मरम्मत कार्यों को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करवाना सुनिश्चित किए जाने के भी विशेष रूप से बैठक में निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के इस दौर में यह जरूरी है कि हमारे विश्वविद्यालय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बने। इसके लिए वहां ज्ञान के सभी अनुशासनों में विषय विशेषज्ञों का ऑनलाइन व्याख्यान करवाया जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विषय विशेष से जुड़े देश विदेश के विशिष्टजनों को चिन्हित कर उनकी ऑनलाइन सेवाएं पढ़ाने के लिए भी ली जाए। इसके बहुत अच्छे दूरगामी सकारात्मक प्रभाव उच्च शिक्षा में मिलेंगे।बैठक में उप मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के मानदंडों के अनुरूप कार्य करने और इस संबंध में प्रदत राशि का निर्माण कार्यों में पारदर्शिता से उपयोग किए जाने पर जोर दिया।

देवनानी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर दीं शुभकामनाएं

संचार जगत

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। देवनानी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और दृढ़ नेतृत्व से देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, समर्पण और राष्ट्रीय एकता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता ही हमारी शक्ति है। विभिन्न भाषा, संस्कृति, परंपराओं और विचारों के बावजूद हम सभी एक राष्ट्र के रूप में एक सूत्र में बंधे हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। आपसी सद्भाव, सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हुए विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

सीएमओ पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

गहलोत ने ईडी से की दखल देने की मांग

संचार जगत



जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री कार्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। अपने आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गहलोत ने कहा कि जब मुख्यमंत्री कार्यालय में ही इस तरह के कथित भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां और कितनी अनियमितताएं हो रही होंगी। गहलोत ने मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े एक पुराने कथित विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के सामने एक अधिकारी और परिवार के सदस्यों के बीच विवाद की खबरें सामने आई थीं। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी को कार्रवाई के बजाय उदयपुर में महत्वपूर्ण पोस्टिंग दे दी गई। उन्होंने इस पोस्टिंग के पीछे की मंशा पर भी सवाल उठाए। वहीं, उदयपुर विकास प्राधिकरण में भी कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए गहलोत ने इसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर उदयपुर विकास प्राधिकरण तक भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ईडी से इस मामले में दखल देने की मांग की है।

सोना-चांदी खरीदने वाले उपभोक्ताओं को मिलेगी सही तौल,नए नियम लागू



संचार जगत

जयपुर। सोना-चांदी खरीदने वाले उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और तौल में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। उपभोक्ता मामले विभाग ने राजस्थान विधिक मापविज्ञान ने नियम अधिसूचित किए हैं। नए प्रावधानों के तहत सोना, चांदी एवं अन्य बहुमूल्य धातुओं की खरीद-बिक्री में निर्धारित मानकों वाले सटीक कांटों का उपयोग अनिवार्य किया गया है। उपभोक्ता मामले विभाग ने सभी स्वर्णकारों, सर्राफा व्यापारियों एवं बहुमूल्य धातुओं का कारोबार करने वाले प्रतिष्ठानों से नए प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करने की अपील की है।

आरएसजीएल के अधिकारियों और कार्मिकों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

संचार जगत



जयपुर। राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस के अधिकारयों और कार्मिकों ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अंखड़ता और सत्यनिष्ठा की शपथ ली। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने अधिकारियों और कार्मिकों को एकता, अंखडता और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार मुक्त और सत्यनिष्ठा और ईमानदारी की शपथ दिलाई। सतर्कता जागरुकता सप्ताह की इस साल की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि रखा गया है। विनय पाटनी ने कोटा, नीमराणा, कूकस व ग्वालियर-श्योपुर के अधिकारियों व कार्मिकों को वर्चुअली शपथ दिलाई। इस मौके पर एमडी विनय पाटनी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी देशवासियों को भागीदारी आवश्यक है वहीं जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों की पालना का संकल्प और पालना करनी होगी। उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा हमारे दिन प्रतिदिन के जीवन का अंग बनना चाहिए। उपमहाप्रबंधक सीएनपी विवेक श्रीवास्तव ने इस अवसर पर जारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संदेश, सीएफओ दीप्तांशु पारीक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीजीएम कोटा सीपी चौधरी ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण् और उपप्रबंधक आईटी गगनदीप राजोरिया ने सीवीसी के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर ग्वालियर प्रभारी शिव दीक्षित, नीमराना से अतुल शुक्ला पीआर प्रभारी राजेन्द्र शर्मा, अजय चौहान, दामोदर शर्मा, मनोज जिनेवाल, मनीष सैनी, सुनील जांगिड, विपुल सैनी, आदि ने हिस्सा लिया।

नगर निगम ने हटाये अस्थायी अतिक्रमण



जयपुर। नगर निगम जयपुर ने शहर में अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए विभिन्न इलाकों से सामान जब्त किया। निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार सतर्कता शाखा की टीम ने उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए 5 कैंटर सामान जब्त किया और अतिक्रमणकारियों से 2 हजार रुपए कैरिंग चार्ज वसूला। अतिक्रमण नगर निगम की टीम ने एमएलए क्वार्टर लालकोठी, बजाज नगर, कैलाश टावर, एयरपोर्ट रोड, वीटी रोड, स्वर्णपथ और अरावली मार्ग पर कार्रवाई की। इन क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमण हटाकर जब्त सामान को नगर निगम के गोदाम में भिजवाया गया।

साइबर ठगी का नेटवर्क बढ़ाने आया मास्टर माइंड गिरफ्तार

संचार जगत



जयपुर। जयपुर पुलिस ने साइबर फ्रॉड के अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के मास्टर माइंड को अरेस्ट किया। पुलिस ने जयपुर में साइबर फ्रॉड हवाला, फेक बैंक अकाउंट्स और क्रिप्टो करेंसी के अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट का खुलासा किया है। पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। आरोपी 20 दिन पहले नेटवर्क का विस्तार करने के लिए जयपुर आया था। आरोप है कि पिछले दो साल में मास्टर माइंड विकास ढाका साइबर ठगी से जुटाए गए 24 करोड़ रुपए को व्हाइट मनी में बदल चुका है। वैशाली नगर थाना पुलिस ने बड़ी संख्या में साइबर फ्रॉड में यूज मोबाइल, डेबिट कार्ड किट और गूगल पे स्केनर रोल बरामद किया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर सिंडिकेट के नेटवर्क और ठगी के तरीके से जुड़ी जानकारियां जुटा रही है। विकास ढाका सीकर जिले के बासनी बराला का रहने वाला है। पिछले 2 सालों में आरोपी और उसके साथियों ने करीब 24 करोड़ रुपए की लेन-देन यूएसडीटी का लेन-देन किया जाना सामने आया है।

जनजातीय आवासीय विद्यालयों में नवाचारों को अपनाने पर दिया जोर


संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सचिवालय में जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग के अधीन संचालित आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों के प्राचार्यों से संवाद किया। इस दौरान प्राचार्यों एवं प्रतिनिधियों ने अपने-अपने संस्थानों की उपलब्धियों, आधारभूत संरचना, परीक्षा परिणामों एवं शैक्षणिक गतिविधियों का पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया। मुख्य सचिव ने इन विद्यालयों की उत्कृष्ट आधारभूत संरचना, बेहतर शैक्षणिक परिणामों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन प्रयासों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में सभी प्राचार्य प्रत्येक माह आपसी बैठक आयोजित कर अपने-अपने विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारों, उपलब्धियों एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करें।

आपत्तिजनक पोस्ट मामले में आरएएस अधिकारी को दी चार्जशीट

संचार जगत



जयपुर। आरएएस के वरिष्ठ अधिकारी पंकज कुमार ओझा एक बार फिर गंभीर विभागीय कार्रवाई के चलते प्रशासनिक हलकों में चर्चा के केंद्र में हैं। कार्मिक विभाग ने सोशल मीडिया पर कथित तौर पर जातिगत, सांप्रदायिक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील और आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने के मामले में उनके खिलाफ राजस्थान सिविल सेवा नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करते हुए आरोप पत्र थमा दिया है। विभाग ने उन्हें 15 दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही तय समय में जवाब न मिलने पर एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी दी है। वर्तमान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में अतिरिक्त निदेशक के पद पर पदस्थापित ओझा ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए दावा किया है कि उनके नाम से फर्जी स्क्रीनशॉट तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल किए गए हैं।

राजीविका दिवाली मेला में उमड़ी भीड़



संचार जगत

जयपुर। राजीविका की ओर से जयपुर स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान परिसर में आयोजित राजीविका दिवाली मेला परवान पर है। आठ दिवसीय मेले में लोगों की अच्छी आवाजाही देखने को मिली। मेले में खरीदारी के साथ पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों और विभिन्न खाद्य उत्पादों का स्वाद लेने का भी लोगों में खासा उत्साह नजर आया। मेले में ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों, पारंपरिक हस्तशिल्प, हैंडलूम और दिवाली की सजावटी सामग्री को देखने एवं खरीदने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। दिवाली मेला खरीदारी, खानपान, पारंपरिक कला और मनोरंजन का एक आकर्षक संगम बन रहा है। मेले में हस्तशिल्प और हैंडलूम उत्पादों के साथ विभिन्न फूड स्टॉल्स भी विजिटर्स के लिए विशेष आकर्षण बने हुए हैं। यहां पारंपरिक व्यंजनों में दाल-बाटी-चूरमा के साथ स्थानीय खाद्य उत्पादों और स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेने के लिए लोग उत्साहपूर्वक पहुंच रहे हैं। राजस्थानी खानपान के साथ ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए अचार, पापड़, मसाले एवं अन्य पारंपरिक खाद्य उत्पाद भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

डिजिटल अरेस्ट कर 76 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार



संचार जगत

जयपुर। पुलिस, एटीएस और एनआईए के अधिकारी बनकर बुजुर्ग डॉक्टर दंपती को कथित आतंकवादी गतिविधियों और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में फंसाने की धमकी देकर डिजिटल अरेस्ट करने और 76 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में सेण्ट्रल साइबर पुलिस स्टेशन ने आरोपी किरण लक्ष्मण ताम्हाणेको गिरफ्तार किया है। उसे ठाणे से गिरफ्तार कर ट्रांजिट वारंट पर जयपुर लाया गया। प्रकरण में अब तक कुल 4 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपी के आईसीआईसीआई बैंक खाते में ठगी के 50 लाख रुपये आए थे। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा द्वारा साइबर अपराधों, विशेषकर डिजिटल अरेस्ट के खिलाफ जारी निर्देशों के क्रम में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई हुई। बैंकिंग रिकॉर्ड, लेन-देन की कड़ी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पहले दिल्ली और उत्तर प्रदेश से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

अनुशासनहीनता के मामले में चार कांस्टेबलों की सेवा समाप्त




संचार जगत

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने अनुशासनहीनता और कर्तव्य के प्रति लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई की है। बिना आधिकारिक अनुमति के लंबे समय से अनुपस्थित और निर्वाचन जैसी महत्वपूर्ण ड्यूटी पर आदेश के बाद भी गैरहाजिर रहने पर चार प्रशिक्षु कांस्टेबल को सेवा से पृथक किया गया है। सचिन मित्तल ने कहा कि पुलिस बल में अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है। इलेक्शन जैसी महत्वपूर्ण ड्यूटी पर भी नहीं आना अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा है। किसी भी कार्मिक की अनधिकृत गैरहाजिरी से ड्यूटी व्यवस्था के साथ-साथ पुलिस फोर्स के अनुशासन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए चार प्रशिक्षु कांस्टेबल को सेवा से पृथक करने के निर्देश दिए ।

देश की पहली सिरेमिक स्टोरेज-आधारित केंद्रित सौर ऊर्जा परियोजना भड़ला में

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड ने एनटीपीसी को भड़ला में 320 किलोवाट की पायलट केंद्रित सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। यह अपनी तरह की देश की पहली परियोजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक बैटरी स्टोरेज पर निर्भरता कम करते हुए रात के समय भी निरंतर सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता का परीक्षण करना है। इस पायलट परियोजना से उत्पन्न होने वाली ऊर्जा का उपयोग पूरी तरह से एनटीपीसी संयंत्र की आंतरिक और सहायक खपत के लिए किया जाएगा। इस तकनीक में दिन के समय कैप्चर की गई सौर ऊर्जा को उच्च तापमान वाले विशेष सिरेमिक मॉड्यूल में ऊष्मा के रूप में स्टोर किया जाएगा। सूर्यास्त के बाद, इस स्टोरेज हीट का उपयोग एयर टरबाइन को चलाने और बिजली उत्पन्न करने के लिए किया जाएगा, जिससे भारी और महंगी रासायनिक बैटरियों पर निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी।

चिकित्सा क्षेत्र में बढ़ रही है टेक्नोलॉजी सुविधा

संचार जगत



जयपुर। महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में टेलीमेडिसिन सोसाइटी ऑफ इंडिया की 22वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एवं ग्लोबल एआई एंड डिजिटल हेल्थ समिट 2026 शुरु हुई। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, प्रभावी और तकनीक-सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आने वाले समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक का उपयोग और अधिक व्यापक होगा। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देशभर से 300 से अधिक चिकित्सक, स्वास्थ्य विशेषज्ञ, एआई एवं टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ, टेक्नोक्रेट्स, शोधकर्ता और शिक्षाविद भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में प्रेडिक्टिव हेल्थकेयर, डेटा एनालिसिस और क्लिनिकल डिसीजन सपोर्ट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चर्चा हो रही है। सम्मेलन में इंटरैक्टिव सत्रों, विशेष कार्यशालाओं, एआई एवं डिजिटल हेल्थ स्टार्टअप राउंड टेबल तथा अकादमिक-इंडस्ट्री चर्चाओं के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार और ज्ञान के आदान-प्रदान पर जोर दिया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में टेलीमेडिसिन सोसाइटी ऑफ इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन भी किया गया।

संपादकीय

सीमित चुनावों के बड़े संकेत

विधान परिषद के चुनावों में कांग्रेस 'बड़े शून्य' के धब्बे से बच गई। बुधवार देर रात उसने नागपुर स्नातक सीट जीत कर सभी को चौंका दिया। नागपुर की जीत 'प्रतीकात्मक' है, क्योंकि यहां आरएसएस का मुख्यालय है और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी यहां से सांसद हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी नागपुर की एक सीट से विधायक हैं। क्या नागपुर में स्नातक युवाओं पर संघ परिवार का मानसिक और नैतिक प्रभाव कम हुआ है? उप्र में प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी में शिक्षक और स्नातक सीटें समाजवादी पार्टी ने जीती हैं। इस सीट पर प्रधानमंत्री की सांसद के तौर पर जीत का अंतर भी काफी कम हुआ था, लिहाजा यह भाजपा की नई चिंता होनी चाहिए कि शिक्षक और स्नातक जैसा शिक्षित वर्ग क्या भाजपा से विमुख हो रहा है? छिटक रहा है? लखनऊ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का चुनाव क्षेत्र है और गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह-गढ़ है। लखनऊ में भाजपा की पराजय हुई है और गोरखपुर में 'दूसरी वरीयता' के स्तर पर मात्र 307 मतों से जीत पाई है। इलाहाबाद (अब प्रयागराज) भी भाजपा का गढ़ है। वहां से भी सपा ने जीत हासिल की है। उप्र में मार्च, 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। बेशक विधान परिषद के चुनाव 'सीमित' होते हैं, फिर भी हजारों मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। यह भी जनादेश से कमतर नहीं माना जा सकता। कमोबेश इनके नतीजों से स्पष्ट संकेत मिलते हैं, लिहाजा दल सबक भी ले सकते हैं। उप्र में आम विधानसभा चुनाव से पहले ही समीकरण बदलते लग रहे हैं। यदि सपा-कांग्रेस ने वाकई गठबंधन में चुनाव लड़ा, तो नतीजे 'अप्रत्याशित' भी हो सकते हैं! अलबत्ता विधान परिषद की कुल 28 में से 16 सीटें भाजपा ने जीती हैं, लिहाजा संतोष किया जा सकता है। यह जीत भाजपा-एनडीए की साझा जीत है। उप्र में कुल 11 सीटों में से भाजपा के हिस्से 6 और सपा के हिस्से 5 सीटें आई हैं। भाजपा पिछले चुनाव की तरह ही है, लेकिन सपा ने 2 सीटों की बढ़त बनाई है, लिहाजा संकेत स्पष्ट हैं कि भाजपा के सामने चुनावी चुनौतियां हैं। जनादेश इतना आसान, सहज, सरल नहीं होगा। सबसे चौंकाऊ नतीजा यह रहा है कि कर्नाटक में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। सभी चारों सीटों पर भाजपा-जद (एस) का कब्जा हो गया है। कर्नाटक में कांग्रेस सत्तारूढ़ है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार 'चुनावी सियासत' के चाणक्य माने जाते रहे हैं। बेंगलुरु में पुट्टन्ना परिषद की शिक्षक वर्ग सीट से 5 बार निर्वाचित हो चुके हैं और परिषद के उपाध्यक्ष भी रहे हैं, लेकिन इस बार वह सीट जद-एस ने छीन ली है। शेष तीनों सीटों पर भाजपा विजयी रही है। यह 2028 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 'बदलाव का संकेत' है। महाराष्ट्र में भाजपा-महायुति दावा कर रहे थे कि वे पांचों सीटों पर 'क्लीन स्वीप' करेंगे, लेकिन 'बुजुर्ग चाणक्य' शरद पवार और कांग्रेस ने तीन सीट जीत कर तमाम समीकरण बदल दिए और सत्ता के दावे ध्वस्त कर दिए।

साइबर ठगी और बैंकों की जवाबदेही: सुरक्षा का एक नया मोर्चा

सुगमता और गति के इस दौर ने जीवन को आसान तो बनाया है, परंतु इसके साथ ही इसने अपराधियों के लिए एक नया और अत्यंत खतरनाक मैदान भी तैयार कर दिया है, जिसे हम साइबर अपराध के रूप में जानते हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा साइबर धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों की लापरवाही पर बेहद सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें इसके लिए जिम्मेदार ठहराना और पीड़ित व्यक्ति को भरपाई का स्पष्ट निर्देश देना एक ऐतिहासिक, अत्यंत महत्वपूर्ण और बेहद सामयिक कदम है।

आज का यह युग डिजिटल क्रांति का युग है, जहाँ आधुनिक तकनीक ने हमारे जीवन को बेहद सुगम और तीव्र बना दिया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक, हमारे दैनिक जीवन के अधिकांश कार्य अब मोबाइल स्क्रीन और कंप्यूटर के एक क्लिक पर हो जाते हैं। पैसों का लेन-देन, बिलों का भुगतान, खरीदारी और निवेश सब कुछ ऑनलाइन संभव है। सुगमता और गति के इस दौर ने जीवन को आसान तो बनाया है, परंतु इसके साथ ही इसने अपराधियों के लिए एक नया और अत्यंत खतरनाक मैदान भी तैयार कर दिया है, जिसे हम साइबर अपराध के रूप में जानते हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा साइबर धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों की लापरवाही पर बेहद सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें इसके लिए जिम्मेदार ठहराना और पीड़ित व्यक्ति को भरपाई का स्पष्ट निर्देश देना एक ऐतिहासिक, अत्यंत महत्वपूर्ण और बेहद सामयिक कदम है। अदालत की यह टिप्पणी केवल एक विधिक निर्देश भर नहीं है, बल्कि यह उस संपूर्ण व्यवस्था के अंतःकरण को झकझोरने का एक गंभीर प्रयास है, जो तकनीक की इस अंधी दौड़ में आम नागरिकों की गाढ़ी कमाई लूटने वालों के सामने मूकदर्शक बनी हुई है। जब देश में साठ हजार करोड़ रुपये के आसपास की विशाल धनराशि साइबर ठगी की भेंट चढ़ जाए, और यह राशि कई छोटे-मोटे राज्यों के वार्षिक बजट से भी अधिक हो, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि समस्या अब केवल कुछेक व्यक्तियों के साथ होने वाली धोखाधड़ी तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह सीधे तौर पर हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और वित्तीय व्यवस्था के स्वास्थ्य से जुड़ चुकी है। इस पूरे परिदृश्य में सबसे अधिक विचारणीय और विचलित करने वाला बिंदु बैंकों की भूमिका है। यह एक ऐसा सवाल है जिसका उत्तर हर नागरिक जानना चाहता है कि आखिर साइबर ठगी



के हर मामले के केंद्र में किसी न किसी बैंक का खाता ही क्यों होता है? आज के समय में अपराधी चाहे खुद को पुलिस, सीमा शुल्क, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या फिर प्रवर्तन निदेशालय का अधिकारी बताकर 'डिजिटल अरेस्ट' का खौफ पैदा करें, अथवा शेयर बाजार, क्रिप्टो करेंसी या विभिन्न ऑनलाइन कार्यों में भारी मुनाफे का लालच देकर लोगों को अपने जाल में फंसाएं, अंततः वह ठगा गया धन किसी न किसी बैंक खाते में ही जमा होता है और वहीं से अपनी यात्रा शुरू करता है। आज आधुनिक बैंकिंग प्रणालियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग पर आधारित अत्याधुनिक फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम और एल्गोरिदम मौजूद होने का दावा किया जाता है। इसके बावजूद, यदि किसी सामान्य खाते में अचानक लाखों और करोड़ों रुपयों का भारी लेनदेन होता है और वह राशि कुछ ही मिनटों के भीतर कई अन्य खातों में विभाजित होकर गायब हो जाती है, तो बैंकों का यह तथाकथित सुरक्षा और निगरानी तंत्र उसे समय रहते भांपने या रोकने में पूरी तरह असफल क्यों हो जाता है? यह सवाल आज देश के हर बैंक प्रबंधन के सामने खड़ा है और उन्हें इसका उत्तर देना ही होगा। इसके अलावा, साइबर अपराधियों का सबसे प्रमुख और अचूक हथियार 'म्यूल अकाउंट्स' यानी फर्जी या किराए के खाते होते हैं। ये ऐसे खाते होते हैं जो भोले-भाले, गरीब या जरूरतमंद लोगों के दस्तावेजों का दुरुपयोग करके या उन्हें चंद पैसों का लालच देकर खुलवाए जाते हैं। बैंक इन फर्जी खातों की पहचान करने और उनकी निरंतर निगरानी करने में गंभीर रूप से विफल रहे हैं। इस व्यवस्था की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि कई मामलों में बैंक के अपने कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत के पुख्ता प्रमाण मिले हैं। कमीशन के लालच में फर्जी और जाली दस्तावेजों के आधार पर खाते खुलवाने के मामले समय-समय पर सामने आते रहे हैं और कुछ मामलों में ऐसे भ्रष्ट बैंक कर्मियों की गिरफ्तारियां भी हुई हैं। जब वित्तीय व्यवस्था के रखवाले ही सेंध लगाने वालों के साथ मिल जाएं, तो आम आदमी अपनी सुरक्षा की उम्मीद आखिर किससे करे? साइबर अपराधियों का दुस्साहस अब इस हद तक बढ़ चुका है कि उन्होंने डर और लालच का एक ऐसा जटिल मनोवैज्ञानिक चक्रव्यूह रच दिया है जिसमें देश का पढ़ा-लिखा, प्रबुद्ध और समझदार वर्ग भी आसानी से फंस जाता है। एक तरफ जहाँ 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर लोगों को डराया जाता है, वहीं दूसरी तरफ रातों-रात अमीर बनने के सपने दिखाकर उनकी जीवनभर की जमा पूंजी हड़प ली जाती है। अपराधी वीडियो कॉल के जरिए पीड़ित को घंटों तक कैमरे के सामने रहने के लिए विवश करते हैं, उन्हें यह अहसास कराते हैं कि वे मनी लॉन्ड्रिंग या किसी अन्य गंभीर देशविरोधी अपराध में फंस चुके हैं। भय के इस गहरे आवरण में व्यक्ति अपनी मानसिक सुधि और तार्किकता खो बैठता है और अपराधियों के दबाव में आकर अपनी सारी पूंजी उनके द्वारा बताए गए खातों में ट्रांसफर कर देता है। इन तमाम ठगी के तौर-तरीकों में यदि सबसे मजबूत और निर्णायक कड़ी कोई है, तो वह बैंकिंग चैनल ही है। यदि बैंक स्तर पर ही इस प्रकार के संदिग्ध लेनदेन को और अधिक कड़ाई से रोक दिया जाए, तो अपराधी अपनी इन काली साजिशों में कभी सफल नहीं हो सकते। यह एक बेहद कड़वी सच्चाई है कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और देश के वित्तीय नियामकों से हमेशा दो कदम आगे ही नजर आते हैं। हालांकि हमारे देश की पुलिस और साइबर सैल इकाइयां कई मामलों में असाधारण मुस्तैदी का परिचय देते हुए अपराधियों तक पहुंचती हैं और ठगी गई राशि का एक हिस्सा वापस भी दिलाती हैं, लेकिन यह प्रयास उस विशाल समुद्र के सामने बहुत छोटा साबित होता है जिसमें प्रतिदिन लाखों लोग लुट रहे हैं। अधिकांश मामलों में तो ठगा गया धन देश की सीमाओं को पार कर सुदूर विदेशों तक पहुंच जाता है, जहाँ से उसे वापस लाना कूटनीतिक, कानूनी और तकनीकी रूप से एक अत्यंत पेचीदा प्रक्रिया बन जाती है।

स्वच्छ ऊर्जा की ओर अग्रसर भारत: आत्मनिर्भरता और सतत विकास का नया अध्याय

स्वच्छ ऊर्जा की ओर अग्रसर जब पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ते तापमान, बदलते मौसम और ऊर्जा असुरक्षा के दोहरे संकट से जूझ रही है, तब भारत ने विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन का एक ऐसा रास्ता चुना है, जो आने वाले दशकों में उसकी आर्थिक और रणनीतिक ताकत की बुनियाद बन सकता है। पिछले 12 वर्षों में देश का ऊर्जा परिदृश्य जिस तेजी से बदला है, वह सिर्फ बिजली उत्पादन के आंकड़ों में बढ़ोतरी की कहानी नहीं है। यह आत्मनिर्भरता का एक नया सोपान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक साथ कई मोर्चों पर ऊर्जा परिवर्तन की शुरुआत की है। सौर और पवन ऊर्जा का तेज विस्तार, रूफटाप सोलर, पीएम-कुसुम, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, बड़े सोलर पार्क, आफशोर विंड प्रोजेक्ट, बैटरी स्टोरेज और ग्रीन हाइड्रोजन- ये सभी एक ऐसी व्यापक ऊर्जा रणनीति का हिस्सा हैं, जिसका लक्ष्य केवल कार्बन उत्सर्जन घटाना नहीं, बल्कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 300 गीगावाट का आंकड़ा पार कर



चुकी है। सौर और पवन ऊर्जा इसके सबसे बड़े आधार हैं और कुल स्थापित बिजली क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। भारत को अंदाजा है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल देश में बिजली की मांग में और तेज वृद्धि होना तय है। हालांकि भारत की ऊर्जा नीति केवल नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भर रहने की नीति नहीं है। देश को 24 घंटे भरोसेमंद बिजली की जरूरत है। यहां आकर थर्मल पावर और परमाणु ऊर्जा का पलड़ा थोड़ा भारी हो जाता है, लेकिन भारत की रणनीति पारंपरिक और नवीकरणीय ऊर्जा को एक-दूसरे के विकल्प के रूप में देखने के बजाय एक संतुलित ऊर्जा मिश्रण तैयार करने की है। कोयला और परमाणु ऊर्जा से स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, दूसरी तरफ सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। यह दृष्टिकोण भारत के ऊर्जा परिवर्तन को व्यावहारिक बनाता है। क्योंकि केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। चुनौती यह भी है कि जब सूरज नहीं निकले या हवा की गति कम हो, तब भी घरों, अस्पतालों, उद्योगों, रेलवे, परिवहन और तेजी से बढ़ते डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बिजली मिलती रहे। इसी वजह से बैटरी एनर्जी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज, स्मार्ट ग्रिड और डिजिटल ऊर्जा प्रबंधन जैसी तकनीकों पर जोर बढ़ रहा है। सोलर पंप किसानों को सिंचाई के लिए दिन के समय भरोसेमंद बिजली उपलब्ध कराने के साथ डीजल पर निर्भरता घटाते हैं। वहीं अनुपयोगी या कम उपयोग वाली जमीन पर सोलर प्लांट लगाने वाले किसान अतिरिक्त बिजली ग्रिड को बेचकर आय का नया स्रोत तैयार कर सकते हैं। ऊर्जा परिवर्तन किसाना को 'ऊर्जादाता' बनने का भी अवसर दे रहा है। यह बदलाव सिर्फ कृषि तक सीमित नहीं है। शहरों में रूफटाप सोलर ने मध्यवर्गीय परिवारों के लिए बिजली की लागत कम करने का रास्ता खोला है। पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के जरिए घरों की छतों को छोटे ऊर्जा केंद्रों में बदलने की दिशा में काम हो रहा है। स्टोरेज और ग्रिड की चुनौती : भारत के सामने बड़ा सवाल केवल यह नहीं है कि कितनी सौर या पवन ऊर्जा पैदा की जा सकती है। असली चुनौती यह है कि इस ऊर्जा को जरूरत के समय कैसे उपलब्ध कराया जाए। सौर ऊर्जा दिन में अधिक पैदा होती है, जबकि बिजली की मांग निरंतर बनी रहती है। पवन ऊर्जा भी मौसम और हवा की गति पर निर्भर करती है। ऐसे में बैटरी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज, स्मार्ट ग्रिड, एआइ आधारित ग्रिड प्रबंधन और डिजिटल ऊर्जा प्रणालियां भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था के लिए निर्णायक साबित होंगी।

मजबूती की राह पर भारतीय अर्थव्यवस्था

इस समिट में नीति निर्माताओं, वित्तीय क्षेत्र के नियामकों, उद्योग जगत के शीर्ष नेतृत्व और निवेशकों ने एक साथ आकर देश की अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र के मौजूदा हालात पर विमर्श किया और साथ ही भविष्य की संभावनाओं पर भी बातचीत की। बढ़ी हुई वैश्विक अनिश्चितता और विभिन्न देशों के समक्ष मौजूद अलग-अलग जोखिमों को देखते हुए समिट ने मौजूदा हालात का मजबूत आकलन पेश किया। नीति-निर्माताओं के भाषणों और चर्चाओं में एक बात बार-बार सामने आई कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और लचीलापन दिखा रही है। अनिश्चितताओं के बावजूद भारत तेजी से विकास कर रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की वृद्धि दर दर्ज कर विश्लेषकों को चौंका दिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी इसे मानते हुए चालू वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान पिछले 6.4 फीसदी से बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया है। बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र की देश की अर्थव्यवस्था के विकास में अहम भूमिका है। यह अधिशेष



बचत को उत्पादक निवेश के रूप में तंत्र में लाने में मदद करता है जिससे वृद्धि, रोजगार और संपदा सृजन में मदद मिलती है। वित्तीय क्षेत्र की सेहत और सक्षमता अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने तथा उसकी पूरी संभावनाओं का लाभ लेने में अहम भूमिका निभाती है। चूंकि भारत को मोटे तौर पर बैंक फाइनैंस वाली अर्थव्यवस्था के रूप में देखा जाता है इसलिए यह ध्यान देने लायक है कि भारतीय बैंकिंग व्यवस्था की सेहत बीते कई सालों में निरंतर सुधरी है। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2 और रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी समिट में ऐसा ही कहा। यह सुधार इसलिए हुआ क्योंकि बैंकिंग तंत्र में सकल एनपीए अनुपात 1.8 फीसदी के साथ बीते कई दशकों के निचले स्तर पर आ गया है। देश की कंपनियों की वित्तीय हालत भी मजबूत है। भारत पिछले दशक की दोहरी बैलेंस शीट की समस्या से निजात पा चुका है और निवेश के लिए तैयार है। इसके शुरुआती संकेत नजर आ रहे हैं। दास ने कहा, 'बीएफएसआई क्षेत्र को बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और आधुनिक विनिर्माण को धन मुहैया कराने की पहल करनी होगी ताकि व्यापक सार्वजनिक और निजी परिसंपत्ति निर्माण को सहारा दिया जा सके।' भारत का वित्तीय क्षेत्र जीवंत है और मध्यम से दीर्घावधि में उच्च आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए इसका निरंतर विकास महत्त्वपूर्ण होगा। उदाहरण के लिए पेंशन और बीमा क्षेत्र के विकास से उन परियोजनाओं के लिए दीर्घकालिक पूंजी की उपलब्धता बढ़ेगी जिन्हें पूरा होने में लंबा समय लगता है। भारत का शेयर बाजार पहले से ही सक्रिय है और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कारोबारियों तथा कंपनियों को जोखिम पूंजी उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसमें म्युचुअल फंड की बढ़ती पहुंच और बाजार पर बढ़ते भरोसे की भी भूमिका रही है। यद्यपि एक बड़ी, सक्रिय और जटिल बाजार अर्थव्यवस्था में विभिन्न आर्थिक पक्षों की जरूरतें अलग-अलग होती हैं। वित्तीय क्षेत्र को इन जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होना चाहिए। उसे छोटे कारोबारियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन बड़ी परियोजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी करनी चाहिए जिन्हें पूरा होने में वर्षों लग सकते हैं। वित्तीय क्षेत्र की भूमिका केवल धन मुहैया कराने तक सीमित नहीं है। इसमें बीमा और जरूरत पड़ने पर विदेशी मुद्रा के उतार-चढ़ाव से जुड़े जोखिमों का प्रबंधन भी शामिल है।

तुच्छ कारणों से अपात्र: सुप्रीम कोर्ट और एसआईआर

दिल्ली के एसआईआर से जुड़ी एक याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान, जस्टिस जयमाल्य बागची ने ऐसे सवाल पूछे जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के एसआईआर के मूल मुद्दे तक पहुंचते हैं। अगर कोई मौजूदा मतदाता गणना फॉर्म के मामले में 'लापरवाह या निष्क्रिय' था या उसने 'जवाब नहीं दिया ', तो क्या यह आयोग के लिए 'उसे हमेशा के लिए मताधिकार से वंचित' करने का आधार हो सकता है? भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आयोग उन मतदाताओं के मामले में 'गलती' पर है, जिनके नाम गणना फॉर्म न लौटाने के कारण हटा दिये गये, और उन्हें फॉर्म 6 के जरिए दोबारा आवेदन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है मानो वे नये मतदाता हों। उसने पूछा कि जिन मतदाताओं ने अपना निवास बदल लिया है वे महज यह ब्योरा क्यों नहीं दे सकते और हटाये गये मतदाता देरी से गणना फॉर्म क्यों नहीं भर सकते। यह एसआईआर के केंद्रीय डिजाइन की खामी है, क्योंकि यह सूची में नाम जोड़ने का बोझ राज्य से हटाकर मतदाता पर डाल देता है, उन मतदाताओं पर भी जो पहले वोट डाल चुके हैं। इसके अलावा, यह सिर्फ पते में बदलाव को नाम हटाने का आधार मान लेता है। बिहार में 'दूसरी जगह जा चुके' या 'अनुपस्थित' के रूप में दर्ज मसौदा विलोपनों का हिस्सा 55 फीसदी था, जो तीसरे चरण के राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में बढ़कर 72 फीसदी हो गया। कर्नाटक में, गणना के दौरान 'दूसरी जगह जा चुके' या 'अनुपस्थित' के रूप में चिह्नित करके लगभग 84 लाख मतदाता हटा दिये गये। लेकिन दावे के चरण में, नये मतदाताओं को मिलाकर कुल 8.2 लाख लोग ही जुड़ पाये, और अंतिम मतदाता सूची में अनुमानित वयस्क आबादी से 64.5 लाख लोग कम रहे। दूसरी जगह चले गये मतदाताओं को नये आवेदक के तौर पर पुनः पंजीकरण कराने के लिए कहना, उस ऐतिहासिक अधिदेश (मैंडेट) को नाकारा बनाता है जो आयोग को मताधिकार का दायरा बढ़ाने के लिए दिया गया है। यह मैंडेट साल 2002-03 के गहन पुनरीक्षण में भी अंतर्निहित था, जहां गणगनाकर्ताओं ने दूसरी जगह चले गये मतदाताओं का उनके नये ठिकानों पर पंजीकरण किया था और मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पुरानी प्रविष्टियों को दुरुस्त किया था। जस्टिस बागची ने यह भी कहा कि बिहार वाला फैसला कोई 'बाध्यकारी नजीर' नहीं है और 'तार्किक विसंगतियों' की जांच - जिसकी इजाजत पश्चिम बंगाल में केवल एक 'अंतरिम व्यवस्था' के तौर पर दी गयी - की वैधता पर अंतिम रूप से फैसला नहीं हुआ है। किसी भी कानून या नियम में मतदाता की पात्रता परिवार के आकार या मतदाता और उसके माता-पिता के बीच उम्र के फासले के आधार पर तय करने का कोई प्रावधान नहीं है; आयोग की 'तार्किक विसंगति' जांचों में ये दोनों बेवकूफाना और एल्गोरिदम-आधारित मापदंड शामिल थे। पश्चिम बंगाल में इन जांचों के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार से वंचित होना पड़ा, और 'द हिंदू' के विश्लेषण ने पाया कि दिल्ली में मुसलमानों को गैर-आनुपातिक रूप से चिह्नित किया गया है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट को समय-सीमा बढ़ाने या ब्लॉक लेटर में छपी हुई सूचियां प्रदर्शित करने जैसे प्रबंधकीय समाधान देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, जैसा कि उसने अतीत में किया है। अंतिम एसआईआर सूचियां त्रुटिपूर्ण हैं, क्योंकि हटाये गये नाम आयोग की चूक से ज्यादा दोषपूर्ण डिजाइन का परिणाम थे। एसआईआर में शिनाख्त की गयी मृतकों और नामों के दोहराव वाली प्रविष्टियां हटायी जानी चाहिए, और नये पात्र मतदाताओं को जोड़ा जाना चाहिए। मसौदा सूचियों से गलत ढंग से हटाये गये मतदाताओं को फिर से शामिल किया जाना चाहिए। आयोग के एसआईआर संचालन के ढंग और उसके सदस्यों की नियुक्ति के तरीके को लेकर जो ज्यादा बड़े सवाल हैं, उनका भी निपटारा किया जाना चाहिए।

लघु कथा

परिंदा



आँगन में इधर उधर फुदकती हुई गौरैया अपने बच्चे को उड़ना सिखा रही थी। बच्चा कभी फुदक कर खूंटी पर बैठ जाता तो कभी खड़ी हुई चारपायी पर, और कभी गिर कर किसी सामान के पीछे चला जाता।

संयोगिता अपना घरेलू काम निपटाते हुई, ये सब देखकर मन ही मन आनन्दित हो रही थी। उसे लग रहा था मानो वह भी अपने बेटे रुद्रांश के साथ लुका-छिपी खेल रही है।

आँखों से ओझल हो जाने पर जब गौरैया शोर करने लगती तब संयोगिता भी डर जाती कि रुद्रांश ही कहीं गुम हो गया है, और घबराकर वह गौरैया के बच्चे को श..श. करके आगे निकाल देती।

बच्चा अब काफी उड़ना सीख गया था और अब की बार वह घर की मुंडेर पर जाकर बैठ गया था। अगले कुछ पल बाद उसने ऐसी उड़ान भरी कि वह दूर गगन में उड़ता ही चला गया।

गौरैया उसे ढूंढ रही थी, और चीं- चीं, चूं - चूं के शोर से उसने पूरा घर सिर पर उठा लिया।

सन्तान के बिछोह में चिड़िया का करुण क्रन्दन देखकर संयोगिता का दिल भी धक से बैठ गया। वो भी एक माँ है ना! ...और उसके बेटे रुद्रांश ने भी विदेश जाने के लिये पासपोर्ट बनवा लिया है और अब कई दिनों से अमेरिका का वीजा पाने के प्रयास में लगा है।

कॉकरोच जनता पार्टी ने रेजीम चेंज चाहने वालों को दिया झटका

संचार जगत



नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी ने साफ कर दिया है कि उनका संगठन रेजीम चेंज नहीं चाहता है। सीजेपी के सह संयोजक आशुतोष रांका ने कहा कि वह बस निष्पक्ष चुनाव की मांग कर रहे हैं। रांका ने कहा कि भाजपा सरकार को हटाना मकसद नहीं है। सीजेपी ने साफ कर दिया है कि उनका संगठन रेजीम चेंज की मांग के साथ नहीं है। उन्होंने कहा कि सीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को सत्ता से हटाना प्रेशर ग्रुप का मकसद नहीं है, वह सिर्फ निष्पक्ष चुनाव की मांग कर रहे हैं और इसके बाद जनता जिसे चाहे चुने। रांका की यह बात उनके आंदोलन में साथ दिखने वालीं ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की प्रमुख नेहा बोरा और वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण जैसे लोगों के लिए झटका है, जो रेजीम चेंज की मांग प्रमुखता से उठा रहे हैं। रांका ने कहा कि उनका संगठन न तो किसी राजनीतिक दल के साथ है और न ही पार्टी के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई यह थोड़ी है कि भाजपा को सरकार से हटाना है। हमारी लड़ाई तो फ्री एंड फेयर इलेक्शन की है। अगर हमारे चुनाव सही तरीके से हों, उसके बाद जो भी जीते वह तो जनता का मत है। उस मत का फैसला करने वाला सीजेपी कोई नहीं होता। रांका ने कहा कि हमने पहले दिन से बहुत साफ कहा है कि हम लोग निष्पक्ष चुनाव की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन चुनावों का नतीजा क्या है यह तय करने वाले सीजेपी कोई नहीं होता है। रांका ने कहा कि सीजेपी बस यह चाहता है कि सबके लिए बराबरी का मौका हो, मैच फिक्स नहीं होना चाहिए, अंपायर निष्पक्ष होना चाहिए, वह नो बॉल पर भी आउट ना दे। पिछले दिनों प्रशांत भूषण ने अभिजीत दीपके की मौजूदगी में हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ज्ञानेश कुमार के खिलाफ चल रहे आंदोलन को रेजीम चेंज की लड़ाई करार दिया था। उन्होंने कहा था कि रेजीम चेंज होकर रहेगा, यह इसी के लिए लड़ाई है। बाद में दीपके ने खुद को इशारों में इन बातों से अलग किया था। अब सीजेपी ने और खुलकर इस नारे को पूरी तरह नकार दिया है।

विपक्ष ने एक दिन टाला ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन महाभियोग



संचार जगत

नई दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया' गठबंधन का जन महाभियोग कार्यक्रम एक दिन टाल कर आज किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसके पीछे बारिश को वजह बताया है। विपक्ष ने पहले शुक्रवार 30 अक्टूबर को सीईसी के खिलाफ जन महाभियोग चलाने का ऐलान किया था। संभव है कि आज इस सांकेतिक जन महाभियोग का आयोजन किया जाए। क्योंकि कल एक नवंबर को रामलीला मैदान में विपक्ष की बड़ी रैली होने वाली है। दिल्ली के कारोबारी संगठन इस रैली को टालने की मांग कर रहे हैं। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कहा कि इस रैली को दिवाली के बाद तक टालने की बात कही है।

उत्तर प्रदेश में सरकार बनी तो लागू करेंगे यूसीसी : अमित शाह

संचार जगत



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर अपनी सक्रियता तेज कर दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने लखनऊ में पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उपमुख्यमंत्री, और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अमित शाह ने कार्यकर्ताओं में विधानसभा चुनाव के लिए जोश भरते हुए लगातार तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत नाराजगी और आकांक्षाओं को पीछे छोड़कर संगठन की मजबूती के लिए जुटने तथा आगामी विधानसभा चुनाव को अपना चुनाव मानकर पूरी ताकत लगाने का आह्वान किया। अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की निरर्थक बयानबाजी का जवाब भाजपा 2027 में अपनी सरकार बनाकर देगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी अपनी नाराजगी गोमती नदी में डालकर जाएं। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार को अंगद का पैर बनाए रखना है। चुनाव के दौरान वह बार-बार कार्यकर्ताओं के बीच आएंगे और उनके कामकाज का हिसाब भी पूछेंगे।

शोपियां में जेल से जुड़े आतंकी फंडिंग मॉड्यूल का भंडाफोड़, 10 आरोपी गिरफ्तार



संचार जगत

श्रीनगर । पुलिस ने शोपियां में बड़ी कार्रवाई करते हुए जेल से जुड़े आतंकी फंडिंग मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आतंकी इकोसिस्टम के खिलाफ शोपियां पुलिस ने आतंकी गतिविधियों से जुड़े संदिग्ध वित्तीय नेटवर्कों की गहन जांच के बाद जम्मू-कश्मीर में काम करने वाले एक टेरर फाइनेंसिंग मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। जांच के दौरान, विभिन्न पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए किए गए संदिग्ध ऑनलाइन वित्तीय लेन-देन का विश्लेषण किया गया, जिससे पैसों के लेन-देन के कई स्तरों का पता चला। जांच में अलग-अलग जेलों में बंद आतंकवादियों और उनके साथियों के आतंकी फंडिंग में शामिल होने का खुलासा हुआ है। इस मामले में अब तक आतंकवादियों के 10 सहयोगियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

कार पार्किंग विवाद में फायरिंग, युवक ने 3 पड़ोसियों को उतारा मौत के घाट



संचार जगत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कार पार्किंग के मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया, जहां एक सनकी युवक ने अंधाधुंध फायरिंग करके अपने ही तीन पड़ोसियों की बेरहमी से हत्या कर दी। यह घटना उस वक्त हुई जब पार्किंग को लेकर पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई और आरोपी ने आपा खोकर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। इस वारदात में आरोपी वारदात को अंजाम देने के तुरंत बाद फोन पर किसी से बात करते हुए खुद के पीटे जाने का दावा कर अपनी सफाई देता नजर आ रहा है। गोलियों की आवाज से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को हत्या में इस्तेमाल पिस्टल और कारतूस के साथ मौके से ही धर-दबोचा। फिलहाल पुलिस प्रशासन शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पूरे मामले की गहनता से जांच कर रहा है, साथ ही इलाके में तनाव को देखते हुए कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

दो नाइजीरियाई नागरिकों से 2.2 करोड़ की ड्रग्स जब्त



संचार जगत

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 2.2 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की गई हैं। इनमें 2 किलो से ज्यादा मेफेड्रोन और 316.5 ग्राम कोकीन शामिल है। पुलिस ने बुधवार को नवी मुंबई की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने मुंब्रा पुलिस के साथ मिलकर दिवा-मुंब्रा इलाके में यह कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक नवी मुंबई में दर्ज ड्रग्स के एक मामले में अब तक 5 अफ्रीकी नागरिकों समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच जारी है।

केंद्र ने सामाजिक सुरक्षा बोर्डों का किया गठन

संचार जगत

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र, गिग वर्कर्स और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्डों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा कि ये बोर्ड सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत गठित किए गए हैं और इनका उद्देश्य करोड़ों असंगठित श्रमिकों, गिग वर्कर्स तथा प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए कल्याणकारी योजनाओं की सिफारिश और निगरानी करना होगा। मंत्रालय ने बताया कि इन बोर्डों की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री करेंगे। इनमें केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के अलावा एग्रीगेटर कंपनियों, उद्योग जगत, नागरिक समाज संगठनों, श्रमिक संगठनों तथा गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। सरकार के अनुसार, बोर्ड विभिन्न श्रमिक वर्गों के लिए उपयुक्त सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की सिफारिश करेंगे और सामाजिक सुरक्षा संहिता के क्रियान्वयन से जुड़े मामलों पर केंद्र सरकार को सलाह देंगे। इसके अलावा, वे केंद्र द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी करेंगे, राज्यों में रिकॉर्ड प्रबंधन व्यवस्था की समीक्षा करेंगे और सामाजिक सुरक्षा कोष से होने वाले व्यय का भी परीक्षण करेंगे।

आठवले ने फडणवीस और ठाकरे को साथ लाने का किया दावा

मुंबई। महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न हुए एमएलसी चुनावों के परिणामों के बाद एक मंच पर सीएम देवेंद्र फडणवीस और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे की मौजूदगी के बीच सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा कि मैं हमेशा के लिए दोनों को एक साथ लाने की कोशिश कर सकता हूं। आठवले ने मजाकिया अंदाज में चुटकी लेते हुए कहा कि मुझे लगता है कि वे इस मौके पर एक साथ आए हैं। नेता अक्सर शादियों और अन्य कार्यक्रमों में एक मंच पर आते ही रहते हैं। उद्धव ठाकरे और देवेंद्र फडणवीस का एक मंच पर आना सोचना भी मुश्किल था, लेकिन राज ठाकरे ने उन्हें एक दिन के लिए एक साथ ला दिया। मैं भी कोशिश कर सकता हूं कि भविष्य में देवेंद्र फडणवीस और उद्धव ठाकरे को हमेशा के लिए एक साथ ले आऊं। मैं दोनों को साथ लाने का प्रयत्न कर सकता हूं।

असम में 36 बांग्लादेशी नागरिक हिरासत में



संचार जगत

धुबरी। असम के धुबरी जिले में पुलिस ने जोगमाया फेरी घाट पर छापेमारी कर 36 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। धुबरी जिले के एसएसपी देबाशीष बोरा ने बताया कि पुलिस ने 36 लोगों की पहचान की है। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस को मिले सुरागों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मध्य प्रदेश में कर्मचारियों के डीए में 2 प्रतिशत बढ़ोतरी



संचार जगत

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार ने अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के महंगाई भत्ते डीए में 2 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यह बढ़ोतरी जनवरी से लागू होगी, जिससे राज्य सरकार के लाखों कर्मचारियों को राहत मिलेगी। घोषणा के अनुसार, जनवरी से सितंबर तक के नौ महीनों का बकाया तीन बराबर मासिक किस्तों में दिया जाएगा। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अक्टूबर के वेतन के साथ नकद रूप में दिया जाएगा, जिसका भुगतान नवंबर में होगा। इस फैसले से पेंशनभोगियों को भी फायदा होगा। पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। यह जुलाई 2026 से लागू होगी। सरकार ने कहा है कि वह सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों दोनों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की ओर से लिए गए इस फैसले से बढ़ती महंगाई के बीच कर्मचारियों पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ कम होगा। हाल ही में, केंद्र सरकार ने भी अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की थी।

आईडीबीआई बैंक विनिवेश पर सियासी घमासान

वित्त मंत्री सीतारमण ने राहुल गांधी के आरोपों का किया पलटवार

संचार जगत



नई दिल्ली। आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश को लेकर केंद्र सरकार और कांग्रेस के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्र सरकार के आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी बेचने के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने देश के औद्योगिक विकास के लिए आईडीबीआई जैसे संस्थानों की स्थापना की थी, जबकि मौजूदा सरकार लाभ में चल रहे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बेच रही है। वहीं, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों का राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और कहा कि एनडीए सरकार ने आईडीबीआई बैंक को संकट से निकालकर पुनर्जीवित किया है। सीतारमण ने राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बैंकों और वित्तीय संस्थानों का कई बार राजनीतिक प्रभाव में इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस नेताओं के दबाव में बैंकों से ऋण मंजूर करवाने की घटनाएं हुई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि आईडीबीआई बैंक को भी कांग्रेस शासन के दौरान ऐसे बड़े कारोबारी समूहों को ऋण देने के लिए मजबूर किया गया, जिनके राजनीतिक संबंध थे, और बाद में यही ऋण गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में बदल गए। सीतारमण ने कहा कि एनडीए सरकार ने पेशेवर प्रबंधन, विवेकपूर्ण नीतियों और 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक के पुनर्पूंजीकरण के जरिए आईडीबीआई बैंक को पुनर्जीवित किया। बैंक अब विकास के अगले चरण में प्रवेश करने के लिए तैयार है और इसके रणनीतिक पुनर्गठन की पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार की गई है।

करीब पचास लाख का सोना तस्करी करते दो यात्री गिरफ्तार


संचार जगत

नई दिल्ली। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग के अधिकारियों ने सोने की तस्करी के आरोप में दो यात्रियों को पकड़ा है। दोनों के पास से 332 ग्राम वजन की सोने की दो चेन बरामद की गई हैं। इनकी अनुमानित कीमत 47.38 लाख रुपए है। दोनों यात्री शारजाह से दिल्ली पहुंचे थे। अधिकारियों के मुताबिक 26 अक्टूबर को टर्मिनल-3 पर दोनों यात्रियों को ग्रीन चैनल पार करने के बाद रोका गया। कस्टम अधिकारियों ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर उनकी जांच की थी। जांच में उनके अंडरगारमेंट्स से सोने की दो चेन बरामद हुईं। इन्हें काले टेप और कार्बन पेपर में लपेटकर छिपाया गया था। बरामद दोनों चेन 999 शुद्धता वाले सोने की हैं और इनका कुल वजन 332 ग्राम है।

जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक

अटलांटा पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर

संचार जगत



अटलांटा । भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर जी20 विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने के लिए अटलांटा पहुंचे। अमेरिका के अनुसार इस बैठक में एनर्जी, सप्लाई चेन और समुद्री रास्तों को खुला रखने पर फोकस रहेगा। ये ऐसे मुद्दे हैं, जो भारत के तेल, एलएनजी और उर्वरक आयात के लिए बेहद अहम हैं। अटलांटा में बातचीत एनर्जी और सप्लाई चेन चुनौतियों पर चर्चा करने और आर्थिक सुरक्षा पर भू-राजनीतिक तनाव के प्रभाव से निपटने के तरीकों की पहचान करने का अवसर प्रदान करेगी। वे इस बैठक के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। यह बैठक विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मेजबानी में हो रही है। भारत दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातकों में से एक है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और होर्मुज स्ट्रेट के आसपास हो रहे व्यवधान के कारण भारत के लिए एनर्जी सुरक्षा सबसे बड़ा मुद्दा बन गई है। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि एनर्जी दुनिया भर में आर्थिक विकास की बुनियाद है और इसकी पहुंच सस्ती और भरपूर होनी चाहिए। अटलांटा के बाद जयशंकर एक से 4 नवंबर तक राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक के लिए एंटीगुआ और बारबुडा जाएंगे। ट्रंप 14-15 दिसंबर को मियामी में जी20 लीडर्स समिट की मेजबानी करेंगे। क्वाड विदेश मंत्री पिछली बार 26 मई को नई दिल्ली में मिले थे।

भूटान की हिमनद झील के फटने से बंगाल-असम में बाढ़ की चेतावनी

संचार जगत



थिम्पू। उत्तर-पश्चिमी भूटान में शिंताफू झील के फटने से पश्चिम बंगाल और असम के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की गई है। अधिकारी इन दोनों राज्यों की ओर बहने वाली नदियों के किनारे स्थित संवेदनशील इलाकों पर नजर रख रहे हैं। यह घटना गुरुवार शाम भूटान के गासा जिले में हुई। इससे गासा त्साचू में मौजूद बुनियादी ढाँचा बह गया। गासा त्साचू, मो छू नदी के पास स्थित एक लोकप्रिय प्राकृतिक गर्म पानी का स्रोत है। बाढ़ का पानी पहुँचने से पहले ही इस इलाके को खाली करा लिया गया था, इसलिए किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मो छू नदी के उद्गम स्थल पर स्थित शिंताफू झील, भूटान की उन 17 हिमनद झीलों (ग्लेशियल लेक्स) में से एक है, जिन्हें संभावित रूप से खतरनाक माना गया है। इससे पहले 26 अगस्त 2021 को भी गासा त्साचू को अचानक आई बाढ़ से भारी नुकसान पहुंचा था, जब उफान पर बह रही मो छू नदी ने अपना रास्ता बदलकर गर्म पानी के स्रोत की ओर रुख कर लिया था।

इजराइल में सरकार गठन की कवायद तेज

विपक्षी नेता ने तीन बड़े नेताओं से की मंत्रणा

संचार जगत



तेल अवीव। इजराइल में आम चुनाव के नतीजों के बाद त्रिशंकु संसद की स्थिति बनते ही नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक जोड़-तोड़ तेज हो गई है। विपक्षी खेमे के प्रमुख नेता गादी आइजनकोट ने गैर-नेतन्याहू सरकार बनाने की दिशा में सक्रिय पहल करते हुए डेमोक्रेट्स पार्टी के प्रमुख यायर गोलान, बियाचाद के प्रमुख नफ्ताली बेनेट और मुख्य विपक्षी नेता यायर लैपिड से अहम मुलाकातें की हैं। आइजनकोट ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी लिकुड पार्टी बहुमत हासिल न होने की हताशा में चुनाव नतीजों और चुनावी प्रक्रिया को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि संसद की तय बैठक को बाधित नहीं होने दिया जाएगा। इजराइल की 120 सदस्यीय संसद में पूर्ण बहुमत के लिए 61 सीटों की दरकार है, लेकिन मौजूदा नतीजों ने किसी भी एक गुट को स्पष्ट जनादेश नहीं दिया है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी ब्लॉक को 53 और गादी आइजनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन के खाते में 48 सीटें आई हैं। अरब पार्टियों ने 19 सीटों पर जीत दर्ज की है। किसी भी खेमे के पास अपने दम पर स्पष्ट बहुमत नहीं होने के कारण सत्ता की चाबी अब छोटे दलों और स्वतंत्र गुटों के रुख पर टिक गई है।

मोहब्बत की दुकान में जहर बेचने का काम कर रहे राहुल गांधी : नायब सिंह सैनी

संचार जगत



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और गरीब व्यक्ति को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने गरीबों के घर उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर पहुंचाने और गरीबों को इलाज की सुविधा देने का काम किया, लेकिन कांग्रेस इन योजनाओं का भी विरोध करती है। चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब ने कहा कि कांग्रेस की ओर से परिवार को लेकर की गई टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और देश के लोग कांग्रेस को इसके लिए माफ नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि मोहब्बत की दुकान में जहर बिक रहा है, देश-प्रदेश के लोग सब जानते हैं।

अदालती कार्यवाही के वीडियो के अनधिकृत इस्तेमाल पर कार्रवाई का प्रावधान होगा



संचार जगत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया कि न्यायिक कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग के अनधिकृत उपयोग और व्यावसायिक शोषण पर लगाए गए अंतरिम प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के उपायों को प्रस्तावित नीतिगत ढांचे में शामिल किया जाए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत औरन्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और वी. मोहना की पीठ ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इस वर्ष जुलाई में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी अंतरिम निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने आदेश दिया कि एमईआईटीवाई को अंतरिम निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है। निर्देशों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवश्यक उपाय भी नीतिगत ढांचे में शामिल किए जाएंगे। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने सहमति व्यक्त की कि निर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करना आवश्यक है और कहा कि प्रस्तावित नीतिगत ढांचे में इनका पालन न करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए।


दिल्ली ड्रग ट्रेडर्स एसोसिएशन ने की रैली टालने की अपील



संचार जगत

नई दिल्ली। दिल्ली ड्रग ट्रेडर्स एसोसिएशन ने राहुल गांधी से रामलीला मैदान में प्रस्तावित कांग्रेस की रैली स्थगित करने की अपील की है। एसोसिएशन ने यह अपील मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम स्थगित किए जाने के बाद की है। डीडीटीए के सचिव आशीष ग्रोवर ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर दिल्ली के व्यापारिक समुदाय की चिंताओं और मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए रैली पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। पत्र में ग्रोवर ने लिखा कि जिस तरह कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम को स्थगित किया गया है, उसी तरह दिल्ली में प्रस्तावित रैली को भी स्थगित किया जाए। एसोसिएशन ने लोकतंत्र में संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान और उनकी गरिमा बनाए रखने पर जोर दिया। पत्र में कहा गया है कि यह राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का समय नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने, संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करने और राजनीतिक हितों से ऊपर दिल्ली के लाखों नागरिकों तथा व्यापारियों के हितों को रखने का अवसर है।


डेयरी क्षेत्र को मजबूत करेगा असम



संचार जगत

गुवाहाटी । असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि राज्य सरकार डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। इसका लक्ष्य प्रतिदिन 10 लाख लीटर दूध का उत्पादन करना है। इसके साथ ही, डेयरी किसानों को सीधी सब्सिडी दी जाएगी और प्रोसेसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री सरमा ने बताया कि एक मजबूत डेयरी क्षेत्र से पोषण में सुधार होगा, किसानों की आजीविका सुरक्षित होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था अधिक मजबूत बनेगी। उन्होंने इन पहलों को आत्मनिर्भर असम बनाने की राज्य की कोशिशों का हिस्सा बताया। मुख्यमंत्री ने बताया कि असम में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से कम है, इसलिए उत्पादन बढ़ाने और डेयरी सप्लाई चेन में सुधार करने की जरूरत है।

इजरायल ने एयरलाइंस के लिए सख्त किए सुरक्षा नियम



संचार जगत

यरुशलम । फ्लाईदुबई के एक विमान पर कथित आतंकी हमले की कोशिश नाकाम होने के करीब एक महीने बाद इजरायल ने विमानन सुरक्षा को लेकर नए और सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नए नियमों के तहत विदेशी और घरेलू एयरलाइंस को उड़ान रवाना होने से 48 घंटे पहले चालक दल के सदस्यों की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निर्देश पर सुरक्षा समीक्षा के बाद ये कदम उठाए गए हैं। इनका उद्देश्य यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की पृष्ठभूमि की जांच के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध कराना है। एयरलाइंस को चालक दल की जानकारी में होने वाले किसी भी बदलाव की सूचना उड़ान से कम से कम दो घंटे पहले देनी होगी। इसके बाद विमान के उड़ान भरने के समय चालक दल की अंतिम सूची भी जमा करनी होगी। ये निर्देश इजरायल आने और वहां से रवाना होने वाली सभी घरेलू और विदेशी एयरलाइंस की उड़ानों पर लागू होंगे।

चुनाव आयोग की निष्पक्षता और जवाबदेही जरूरी : कुमारी सैलजा



संचार जगत

सिरसा। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संविधान की सर्वोच्चता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता तथा प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन लगातार इन्हीं मुद्दों को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में उठने वाले गंभीर सवालों का समाधान संवाद, पारदर्शिता और संवैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से होना चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहाकि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेतृत्व ने सड़क से संसद तक चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और मतदाताओं के अधिकारों से जुड़े विषय उठाए हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि विपक्ष द्वारा उठाई जा रही चिंताओं पर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। लोकतंत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास बना रहे। सांसद ने कहा कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर सामने आ रहे आरोपों और सवालों का तथ्यात्मक तथा पारदर्शी जवाब दिया जाना चाहिए। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर किसी प्रकार का संदेह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गहलोत पर साधा निशाना

काका जी ने वन स्टेट, वन इलेक्शन करवा दिया



संचार जगत

कोटा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को कोटा दौरे पर रहे। सीएम ने कोटा से बीजेपी के 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत पदयात्रा रैली शुरू की। इस दौरान सीएम ने कहा- कांग्रेस ने लोकतंत्र को माना ही नहीं। समाज को तोड़ने का काम किया है। आज पीएम के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत का डंका बज रहा है। चुनाव में जब परिणाम पक्ष में आता है तो लोकतंत्र मजबूत होता है। जब उनके पक्ष में परिणाम नहीं आता तो लोकतंत्र को कमजोर बताते हैं। सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा- उनके शासन में सत्ता संघर्ष के दौरान चार महीने तक विधायक होटलों में बंद रहे। सीएम ने कहा- 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' पर ये कहते थे कि काकाजी भी एक साथ चुनाव नहीं करवा सकते, काकाजी ने करवा दिए। सीएम ने कहा कि वोट जनता डालती है, लेकिन कांग्रेस जहां जीतती है वहां ईवीएम को सही मानती है और जहां हारती है वहां गड़बड़ बताती है। सीएम के साथ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, जिलाअध्यक्ष राकेश जैन मौजूद रहे।

बीजेपी ने कहा एसआईआर से शुद्ध हो रही है मतदाता सूची



संचार जगत

दौसा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि विपक्ष लगातार जनादेश का अपमान कर संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र पर सीधा हमला और देश को अराजकता की ओर धकेलने का षड्यंत्र करार दिया। दौसा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दुष्प्रचार और झूठ की पोल खोलने के लिए भाजपा ने 22 अक्टूबर से यह अभियान शुरू किया है, जो आगामी 5 नवंबर तक चलेगा। मुकेश दाधीच ने मतदाता सूची संशोधन पर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को खारिज करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह पारदर्शी और सटीक बनाना है, ताकि मृत व्यक्तियों और स्थायी रूप से स्थान परिवर्तन कर चुके मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकें।

उन्होंने याद दिलाया कि देश में यह प्रक्रिया पहली बार नहीं हो रही है। अब तक 12 बार एसआईआर किया जा चुका है, जिनमें से 10 बार केंद्र में कांग्रेस की ही सरकार थी।

पहली साधारण सभा रही हंगामेदार



नागौर। नगर परिषद के नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली साधारण सभा हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और वार्डों के विकास कार्यों को लेकर पार्षदों ने सवाल उठाए। इस दौरान पार्षदों के बीच तीखी बहस हो गई। वहीं, उपसभापति हाजी मोहम्मद कुरैशी के वायरल माफी वाले ऑडियो का मुद्दा उठने पर सदन का माहौल फिर गरमा गया। स्थिति बिगड़ने पर माइक बंद कर दिया गया और बैठक अचानक स्थगित कर दी गई। बैठक के बीच में समाप्त होने पर कई पार्षदों ने नाराजगी जताते हुए इसे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपमान बताया। नगर परिषद सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता सभापति संतोष टाक और उपसभापति हाजी मोहम्मद कुरैशी ने की। आयुक्त अनीता बिरधा सहित पक्ष-विपक्ष के पार्षद मौजूद रहे। शुरुआत में सभापति, उपसभापति और पार्षदों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। लेकिन स्वागत के बाद विकास के मुद्दों पर चर्चा शुरू होते ही सदन का माहौल बदल गया। बैठक में पार्षद फूलचंद टाक ने सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कई वार्डों में सफाई टिपर और कर्मचारी नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे हैं।

हथियार और हेरोइन तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

संचार जगत

अमृतसर। पंजाब पुलिस को नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक संगठित तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 11 पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस और 2.293 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे अपने हैंडलर्स के संपर्क में थे।

महिला से मारपीट कर लूट करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर। उदयपुर जिले की कानोड़ थाना पुलिस ने महिला से मारपीट कर कान के टॉप्स लूटने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीएसपी श्रवण दास संत के सुपरविजन में गठित टीम नेअचनाला गांव के जंगल से घेराबंदी करते हुए लुटेरे को पकड़ा। आरोपी से कई मामलों के खुलासे की संभावना है। थानाधिकारी भंवरलाल ने बताया कि आरोपी भंवरलाल मोगिया पुत्र केशुलाल निवासी केसरपुरा को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

एक करोड़ से अधिक मूल्य की अवैध अफीम बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

संचार जगत



सिरोही। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सिरोही जिला पुलिस ने एक बड़ी और अंतरराज्यीय तस्करों के नेटवर्क पर चोट करने में सफलता हासिल की है।कार्रवाई में आबूरोड रीको थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक मिनी ट्रक से 20 किलो 696 ग्राम अवैध अफीम का दूध जब्त कर मध्य प्रदेश निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस थाना आबूरोड रीको थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह चंपावत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मावल पुलिस चौकी पर सघन गश्त व चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। ट्रक के केबिन में रखे एक बैग की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में अवैध अफीम पाई गई। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक के कब्जे से 20 किलो 696 ग्राम अफीम जब्त कर मिनी ट्रक को सीज कर दिया। आरोपी ने बताया कि वह यह अवैध अफीम नीमच से लेकर आ रहा था और इसे सिद्धपुर में सप्लाई करने जा रहा था।

जसवंतसर में पड़ोसी ने महिला पर कुल्हाड़ी से किए वार

हाथ पर आए 25 टांके

संचार जगत




बीकानेर। चक जसवंतसर में शराब के नशे में धुत पड़ोसी ने महिला के घर में घुसकर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके हाथ पर करीब 25 टांके आए हैं। पीड़िता की शिकायत पर महाजन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवाद के अनुसार, महिला ने बताया कि 28 अक्टूबर की रात उसका पति चुनावी कार्यक्रम में गया हुआ था। इस दौरान आरोपी ने शराब के नशे में उसके साथ गाली-गलौज की और घर से बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके अगले दिन 29 अक्टूबर की शाम आरोपी फिर शराब के नशे में आया और घर के बाहर लगी ईंटें उखाड़ने लगा। विरोध करने पर वह कुल्हाड़ी लेकर घर में घुस आया और जान से मारने की नीयत से महिला पर वार कर दिए। हमले में महिला के हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आईं। शोर सुनकर पहुंचे पति ने बीच-बचाव कर उसे आरोपी से छुड़ाया और बाइक से महाजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। महाजन पुलिस ने परिवाद के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसआई अनूप सिंह कर रहे हैं।

रेप के दोषी पड़ोसी को 20 साल की सजा

कोटा। कोटा में नाबालिग से रेप के आरोपी को पॉक्सो कोर्ट ने 20 साल की जेल की सजा सुनाई है। करीब 10 महीने पुराने केस में पॉक्सो कोर्ट-4 ने फैसला सुनाया। जस्टिस विक्रम सिंह ने 19 वर्षीय दोषी युवक को 20 साल की सजा सुनाते हुए 35 हजार रूपए का आर्थिक दंड दिया। आरोपी युवक ने पड़ोस में रहने वाली नाबालिग को इशारा करके अपने घर बुलाया था। रात भर उसे साथ रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपने घर पहुंचकर परिजनों को सारी बात बताई। एडवोकेट वंदना नागर ने बताया- 15 दिसंबर 2025 को 13 साल की नाबालिग ने अपने परिजनों के साथ ग्रामीण इलाके के एक थाने में शिकायत दी थी।

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मोबाइल पर मिलेंगे बिजली बिल



संचार जगत

जोधपुर। जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को नवंबर से बिजली बिल डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। बिल जनरेट होते ही उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस भेजा जाएगा। इसमें बिजली बिल डाउनलोड करने का लिंक होगा। उपभोक्ता बिजली मित्र मोबाइल एप से भी अपना बिल देख और डाउनलोड कर सकेंगे। जोधपुर डिस्कॉम के अनुसार नई व्यवस्था से उपभोक्ताओं को बिजली बिल प्राप्त करने के लिए कागजी बिल पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। बिल समय पर उपलब्ध होगा। ऑनलाइन भुगतान भी किया जा सकेगा। इससे समय की बचत होगी। साथ ही कागज की खपत कम होने से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यह व्यवस्था जोधपुर जोन के 15 उपखंडों में लागू होगी और फिलहाल स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए होगी। डिस्कॉम ने सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से बिजली मित्र एप डाउनलोड करने और मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी अपडेट रखने की अपील की है।

कुल की रस्म में उमड़े ख्वाजा सूफ़ी हकीमुद्दीन शाह के आशिक



उठे हाथ और मांगी अमन, चैन, खुशहाली की दुआ

संचार जगत

दौसा। गुलाब जल, इत्र और केवड़े की महक, कुल के छींटे देने की होड़, सूफियाना कव्वालियों पर झूमते अकीदतमंद, शहनाई और शादियाने की गूंज के बीच दुआ में हजारों हाथ उठे। लालसोट बाईपास पर स्थित मुर्शिद नगर में हज़रत ख़्वाजा सूफ़ी हकीमुद्दीन शाह के सालाना उर्स में कुल की रस्म के दौरान यह नजारा दरगाह में देखनें को मिला। महफ़िले समाअ में कव्वाल पार्टियों ने हज़रत सूफ़ी हकीमुद्दीन शाह की शान में सूफ़ीयाना कलाम पेश किये। जायरीनों का दरगाह में चादर और फूल पेश करने का सिलसिला जारी रहा। कुल की रस्म दरगाह के सज्जादानशीन हज़रत सूफ़ी इक़बाल अहमद शाह की जेरे सरपरस्ती में अदा की गई, महफ़िले रंग पढ़ा गया।

अजमेर के जेएलएन अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ और प्रशासन आमने-सामने

संचार जगत




अजमेर। अजमेर के जेएलएन अस्पताल में नर्सिंग कर्मचारियों ने अस्पताल के इमरजेंसी गेट के बाहर अस्पताल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ अमित यादव का पुतला फूंक कर नारेबाजी की। इससे नाराज सुपरिटेंडेंट डॉ अमित यादव अस्पताल के अधिकारियों के साथ धरने पर बैठ गए। उनका कहना है कि पुतला जलाने वाले नर्सिंग स्टाफ का निलंबन हो। इधर नर्सिंग कर्मचारियों ने डॉ अमित यादव पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। नर्सिंग स्टाफ अपनी मांगों को लेकर पिछले दो दिनों से रोजाना दो घंटे कार्य बहिष्कार कर रहे है। उनका कहना है कि अस्पताल प्रशासन उनकी मांगों को सुन नहीं रहा है। प्रशासनिक कर्मचारियों ने नर्सिंग कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पेन डाउन हड़ताल शुरू कर दी। वहीं, मामले को लेकर डिप्टी सुपरीटेंडेंट की ओर से कोतवाली थाना पुलिस को शिकायत भी दी गई है। नर्सिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधि गंगा शरण जाटव ने बताया कि नर्सिंग कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अस्पताल प्रशासन की ओर से समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. अमित यादव की ओर से कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कई बार आवाज उठाने के बावजूद सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई।

घर से अचानक लापता हुई 20 वर्षीय युवती

अजमेर। अजमेर के अलवर गेट थाना क्षेत्र में घर से करीब 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती रात के समय बिना बताए घर से चली गई। वह अपने साथ जरूरी दस्तावेज, कपड़े और मोबाइल फोन भी ले गई। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस को दी रिपोर्ट में मां ने बताया कि वह एक कॉलेज में प्राइवेट नौकरी करती है। 26 अक्टूबर 2026 को रात करीब 10 बजे ड्यूटी पर गई थी। इस दौरान बेटी घर पर ही थी। 27 अक्टूबर की सुबह करीब 6:30 बजे जब वह घर पहुंची तो बेटी घर पर नहीं मिली।

फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी से चूके जोकोविच



स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट : जर्मन खिलाड़ी स्ट्रफ से हारे नोवाक


नई दिल्ली/संचार जगत

नोवाक जोकोविच ने स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट में हारने के कारण स्विट्जरलैंड के दिग्गज रोजर फेडरर के करियर के 103 खिताब की बराबरी करने का मौका गंवा दिया। जोकोविच के पास फेडरर के गृहनगर बासेल में यह उपलब्धि हासिल करने का मौका था लेकिन वह विश्व में 47वें नंबर के जर्मन खिलाड़ी जान-लेनार्ड स्ट्रफ से 6-7 (4), 7-5, 7-6 (5) से हार गए।

रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन जोकोविच ने इस महीने बीजिंग में अपना 102वां टूर खिताब जीता था। एटीपी टूर में सर्वाधिक 109 खिताब जीतने का रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम पर है। उनके बाद फेडरर और जोकोविच का नंबर आता है।

शेल्टन नहीं जीत पाएंगे आठवां खिताब

शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन भी अपना आठवां करियर खिताब नहीं जीत पाएंगे। उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले विश्व में 222वीं रैंकिंग के स्विस खिलाड़ी जेरोम किम से 6-3, 6-7 (4), 7-6 (1) से हार का सामना करना पड़ा। किम का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा, जिन्होंने डेनियल अल्टमायर को 7-5, 6-4 से हराया। इससे पहले दूसरी वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को एक कड़े मुकाबले में 4-6, 6-3, 7-6 (5) से पराजित किया। क्वार्टरफाइनल में फिल्स का सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी छठी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने डेनिस शापोवालोव पर 6-4, 6-3 से आसान जीत दर्ज की।



नंबर वन ताज पर ज़्वेरेव का कब्जा

नई दिल्ली/संचार जगत

पिछले कुछ समय से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अलेक्जेंडर ज़्वेरेव आखिरकार सोमवार को दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे। सोमवार को जब नई टेनिस रैंकिंग जारी होगी तो 29 वर्षीय ज्वेरेव नंबर एक पर काबिज होंगे। उन्होंने एर्स्टे बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर अपने लिए नंबर एक रैंकिंग सुनिश्चित की। उन्होंने टैलन ग्रीक्सपोर को 6-4, 7-5 से हराया।

शीर्ष पर होने का अहसास अद्भुत : ज्वेरेव

इस साल फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन जीतने वाले ज्वेरेव ने कहा, 'दुनिया के शीर्ष पर होने का अहसास अद्भुत है। यह किसी टूर्नामेंट या खिताब को जीतने से अलग है, लेकिन यह जानकर बहुत खास अहसास होता है कि जब नई रैंकिंग जारी होगी तो आपका नाम नंबर एक पर लिखा होगा।'

सिनर की लेंगे जगह

इस टूर्नामेंट में आगे के परिणाम कुछ भी रहें ज्वेरेव यानिक सिनर की जगह रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच जाएंगे ज्वेरेव नंबर एक पर पहुंचने वाले 30वें पुरुष खिलाड़ी और 1974 में 30 वर्षीय जॉन न्यूकोम्ब के बाद शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। एटीपी रैंकिंग की शुरुआत इससे एक साल पहले ही हुई थी।

खबर संक्षेप



अंडर 15 वर्ल्ड कप : भारत ने क्यूबा को हराया

बाकू। भारत ने फीफा अंडर 15 वर्ल्ड कप एंड फेस्टिवल में शुक्रवार को अपने आखिरी मैच में क्यूबा को 6-4 से हराया। भारत 189 देशों की भागीदारी वाले टूर्नामेंट में 87वें स्थान पर रहा। भारत के लिए विक्टर लालावम्पुइया , निबास मीतेइ और आर लालरेम्रूआत्फेला ने दो-दो गोल किए। भारत ने टूर्नामेंट में लाओस, कैमरून, बहरीन, त्रिनिदाद और टोबैगो और क्यूबा को हराया जबकि सेनेगल, होंडुरास, अफगानिस्तान और कजाखस्तान से हारा। ग्रेनेडा के खिलाफ भारत का मुकाबला ड्रॉ रहा।

हांगकांग सिक्सेस : पाक से हारी टीम इंडिया

कोवलून। भारत को हांगकांग इंटरनेशनल सिक्सेस के मैच में पाकिस्तान ने 4 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर भारत 6 ओवर में 5 विकेट पर 88 रन ही बना सका। शशांक सिंह ने 11 गेंद में 40 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने 3.5 ओवर में 2विकेट पर 92 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज ख्वाजा नफे और अब्बास अफरीदी ने 13 गेंद में 59 रन की साझेदारी की। अफरीदी ने पहले ही ओवर में कृणाल पंड्या को 5 छक्के लगाए। इससे पहले भारत को राहुल त्रिपाठी और नीतीश राणा अच्छी शुरुआत नहीं दे सके। कप्तान पंड्या और राहुल तेवतिया भी नाकाम रहे। पहले मैच में यूएई से हारी पाकिस्तानी टीम अब ग्रुप सी में शीर्ष पर है जबकि भारत आखिरी स्थान पर खिसक गया है।

अन्वय द्रविड़-आर्यवीर सहवाग अंडर 19 भारतीय टीम में शामिल

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज खिलाड़ियों राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के बेटे अन्वय द्रविड़ और आर्यवीर सहवाग को अंडर-19 एशिया कप के लिए शुक्रवार को घोषित भारतीय टीम में शामिल किया गया है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पुरुष अंडर-19 एशिया कप का आयोजन वनडे प्रारुप में 5 से 14 नवंबर तक ओमान की राजधानी मस्कट में किया जाएगा। कर्नाटक के अन्वय और दिल्ली के आर्यवीर ने हाल ही में संपन्न वीनू मांकड़ ट्रॉफी में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। 17 साल के अन्वय ने इस महीने की शुरुआत में अंडर-19 प्रतियोगिता में गुजरात के खिलाफ महज 100 गेंदों पर 151 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। उनकी इस पारी की बदौलत कर्नाटक ने 300 से अधिक रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। उन्नीस वर्षीय आर्यवीर सहवाग ने भी वीनू मांकड़ ट्रॉफी में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विजयनगरम में चंडीगढ़ के खिलाफ 143 गेंदों पर 173 रन की तूफानी पारी खेली थी।



लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम की कप्तानी

लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है तो वहीं यशवर्धन सिंह चौहान उपकप्तान होंगे। भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ रखा गया है। ग्रुप-बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और मलेशिया की टीमें शामिल हैं। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

एमआई के बल्लेबाजी कोच बने उथप्पा

नई दिल्ली। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2027 के सत्र से पहले शुक्रवार को अपने कोचिंग स्टाफ में व्यापक फेरबदल करते हुए पूर्व भारतीय बल्लेबाज रोबिन उथप्पा को अपना बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया।




उथप्पा के अलावा न्यूजीलैंड के मिशेल मैक्लेनाघन को गेंदबाजी कोच, जबकि पूर्व भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप को इसी भूमिका में नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने धवल कुलकर्णी को विकास गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। इस तरह से उथप्पा, मैक्लेनाघन और कुलकर्णी की मुंबई इंडियंस की टीम में वापसी हो रही है, जो पहले खिलाड़ी के तौर पर इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रह चुके हैं। यह तीनों नवनियुक्त मुख्य कोच कीरोन पोलार्ड के साथ मिलकर नए कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बनेंगे। उथप्पा 2007 में पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह 40 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल के पहले सत्र में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेला था।

पैन पैसिफिक ओपन

गर्दन की चोट के कारण हटीं एलेना रिबाकिना

सेमीफाइनल में पहुंचीं लेयला फर्नांडीज



नई दिल्ली/संचार जगत

दुनिया की नंबर 1 एलेना रिबाकिना का पैन पैसिफिक ओपन में अभियान शुक्रवार को समय से पहले समाप्त हो गया। कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी ने गर्दन की चोट के कारण डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस वजह से कनाडा की लेयला फर्नांडीज सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रिबाकिना ने गर्दन में सूजन और दर्द को नाम वापस लेने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि इस समस्या ने उनके बेस्ट परफॉर्म करने की क्षमता पर असर डाला था। रिबाकिना ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे अपने अगले मैच से हटना पड़ा है। बदकिस्मती से, मेरी गर्दन में सूजन और दर्द हो रहा है, जिससे मैं अपना बेस्ट नहीं दे पा रही हूं।

यह बहुत मुश्किल फैसला है, क्योंकि मुझे यहां खेलना पसंद है और मैं हमेशा फैंस के जबरदस्त सपोर्ट की तारीफ करती हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अगले साल फिर वापस आऊंगी। आप सभी की समझदारी और समर्थन के लिए धन्यवाद।

जमीनी स्तर पर क्रिकेट का वैश्विक उत्सव, जुड़े 10 लाख खिलाड़ी

1 नवंबर को मनाया जाएगा पहला 'क्रिओ डे'

नई दिल्ली/संचार जगत

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जमीनी स्तर पर क्रिकेट के वैश्विक उत्सव 'क्रिओ डे' की शुरुआत की घोषणा की, जो 1 नवंबर को आयोजित होगा। यह पहल दुनिया भर में इस कार्यक्रम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों की संख्या 10 लाख पहुंचने की उपलब्धि के मौके पर शुरू की गई है। 'क्रियो' कार्यक्रम ने 2021 में शुरुआत के बाद से दुनिया के विभिन्न हिस्सों में क्रिकेट के खेल को पहुंचाने में मदद की है। नए दर्शकों और खिलाड़ियों को क्रिकेट से परिचित कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया 'क्रिओ' कार्यक्रम 18 भाषाओं में मुफ्त और आसानी से अपनाए जा सकने वाले पाठ्यक्रम के माध्यम से संचालित होता है। यह आईसीसी का शुरुआती स्तर का और दुनिया भर में सभी के लिए सुलभ क्रिकेट कार्यक्रम है।



क्रिकेट 'कभी भी, कहीं भी'

आईसीसी के अनुसार यह कार्यक्रम इस सिद्धांत पर आधारित है कि क्रिकेट 'कभी भी, कहीं भी और कोई भी खेल सकता है'। वर्ष 2021 से 'क्रिओ' ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय को एकजुट करके इस खेल के विकास में योगदान दिया है। इस वैश्विक अभियान से जुड़ने वाली 10 लाखवीं खिलाड़ी नाइजीरिया की 13 वर्षीय सैदत हमजात बनी हैं। यह कार्यक्रम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंच चुका है। आईसीसी के 65 एसोसिएट सदस्य देशों ने अपने राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम शुरू किए हैं। वहीं, आईसीसी के सभी 12 पूर्ण सदस्य देशों में प्रमाणित 'क्रिओ' प्रशिक्षक मौजूद हैं।

सीरीज पर कब्जा जमाने उतरेगी भारत 'ए' टीम

आज से न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा अनौपचारिक टेस्ट

नई दिल्ली/संचार जगत

देवदत्त पडिक्कल की शानदार फॉर्म और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की वापसी से भारत ए को मजबूती मिली है और वह शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट में न्यूजीलैंड ए को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय खिलाड़ियों को चार दिवसीय मैच से तैयार होने में मदद मिलेगी।

शानदार फार्म में पडिक्कल

पडिक्कल निस्संदेह अब तक भारत ए के लिए सबसे सकारात्मक पहलू रहे हैं, जिन्होंने पहले मैच में शतक बनाकर टीम को वापसी दिलाई थी। भारत ए की टीम पहली पारी में 39.3 ओवर में केवल 113 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद बाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज पडिक्कल ने शानदार 199 रन बनाकर टीम को दूसरी पारी में 516 रन तक पहुंचाने में मदद की और न्यूजीलैंड ए के सामने 313 रन का लक्ष्य रखा। उन्होंने अपनी स्पिन गेंदबाजी से दो विकेट भी लिए।



तेज गेंदबाजी आक्रमण को मिलेगी मजबूती

सिराज के शामिल होने से तेज गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूती मिलेगी क्योंकि वह आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार होने की कोशिश करेंगे। बुमराह और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिंकन में होने वाले तीसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलने की संभावना है, जिसमें नीतीश कुमार रेड्डी की भी वापसी होगी। जहां तक न्यूजीलैंड की टीम का सवाल है तो उसने पहले दो दिन तक दबदबा बनाया लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सका। उसकी टीम अब अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

चौथे टी20 में न्यूजीलैंड ने भारत को 87 रन से हराया

न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा स्कोर

फिलिप्स का तूफानी शतक और डफी की घातक गेंदबाजी

नई दिल्ली/संचार जगत

ग्लेन फिलिप्स के तूफानी शतक और तेज गेंदबाज जैकब डफी की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चौथे मुकाबले में शुक्रवार को भारत को 87 रन से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम शुरुआती तीन मुकाबले जीतकर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुकी है। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में हार का अंतर 1-3 कर दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को 7 विकेट पर 259 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इसके जवाब में भारतीय टीम अतिरिक्त उछाल वाली पिच पर 9 विकेट पर 172 रन ही बना सकी।



फिलिप्स ने बनाए 49 गेंदों में 107 रन

फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए केवल 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजी की कलई खोल दी। टिम सीफर्ट और डेरिल मिचेल को तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पवेलियन भेजकर न्यूजीलैंड को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद फिलिप्स और फिन एलन ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर पारी को संभाला। फिलिप्स और ब्रेसवेल ने पारी का रुख बदल दिया। फिलिप्स ने प्रिंस यादव के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए एक ओवर में एक छक्का और तीन चौके लगाए। इसके बाद उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी को भी निशाने पर लिया।

ब्रेसवेल ने 18 गेंदों में किया अर्धशतक पूरा

ब्रेसवेल भी दूसरे छोर से भारतीय गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के एक ओवर में लगातार तीन चौके और एक छक्का जड़ा। ब्रेसवेल ने महज 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत की ओर से मयंक यादव सबसे प्रभावशाली गेंदबाज रहे। उन्होंने 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर बल्लेबाजों को परेशान किया।

शांत रहा ईशान और सैमसन का बल्ला

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत की दरकार थी, लेकिन तेज गेंदबाज डफी ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन (चार) और ईशान किशन (शून्य) को आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारत ने पहले ओवर के बाद दो विकेट पर महज चार रन बनाए थे। इस शुरुआती झटके से टीम अंत तक नहीं उबर सकी। भारत की ओर से तीसरे विकेट के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर (22) और अभिषेक शर्मा (27) के बीच 46 रन की साझेदारी सबसे बड़ी रही। यह भारतीय बल्लेबाजी की नाकामी को बयां करने के लिए काफी थी। आमतौर पर आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले अभिषेक इस बार लय में नहीं दिखे। वह मैथ्यू फिशर की गेंद पर कवर में मिचेल सैंटनर को कैच थमा बैठे। अय्यर ने एडम मिल्ने की गेंद पर जगह बनाकर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन 143 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आई गेंद उनके बल्ले को छकाती हुई सीधे स्टंप पर जा लगी। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिए।

3 महीने बाद मैदान में उतरने को तैयार जेमिमा



नई दिल्ली। बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने घोषणा की कि वह अगस्त में लगी चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं और मुकाबलों के लिए मैदान पर उतरने को तैयार हैं। जेमिमा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए चोट से उबरने के बाद खुद को पूरी तरह फिट घोषित किया। उन्होंने लिखा, 'जीवन से जुड़ा अपडेट, मुझे (हैमस्ट्रिंग) फिट घोषित कर दिया गया है। तीन महीने तक चोट से उबरने (रिहैब) के बाद अब मैं मैदान पर वापसी करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती।' भारतीय महिला क्रिकेट टीम का अगला दौरा दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका का होगा, जिसमें टीम कई प्रारुपों की सीरीज खेलेगी। इसके अलावा जेमिमा मौजूदा सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में मुंबई की टीम की ओर से भी खेल सकती हैं।

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार गरीबी में कमी आने का सिलसिला जारी रहने का अनुमान


भारत में तेजी से घट रही गरीबी... करीब 50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए

अत्यधिक गरीबी (3.00 डॉलर प्रतिदिन) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत हो गई

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत ने गरीबी में बीते एक दशक में दुनिया की सबसे तेज गिरावट में से एक दर्ज की है और देश में 2011 से 2023 के बीच करीब 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह जानकारी वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट में दी गई वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में बताया गया कि 2011 से 2023 के बीच निम्न-मध्यम आय वर्ग (4.20 डॉलर प्रति दिन, 2021 पीपीपी) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 57.7 % से घटकर 16.1 % हो गई है। अत्यधिक गरीबी (3.00 डॉलर प्रतिदिन) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 27.1 % से घटकर 2.6 % हो गई।

अच्छी खबर



एआई इमेज

रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि

हाल के समय में, 2017 से 2023 के बीच, रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि हुई। यह कामकाजी उम्र की आबादी में हुई वृद्धि का लगभग दोगुना है। इस बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण महिलाओं के वेतन वाले काम में आने से आया है, जिससे प्रति परिवार कमाने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है।

वेतन में असमानता अभी भी काफी

रिपोर्ट में देश में गरीबी में गिरावट की मुख्य वजह खपत में मजबूत वृद्धि, रोजगार में बढ़ोतरी (विशेषकर महिलाओं के बीच), और खाद्य सब्सिडी सहित सामाजिक हस्तांतरणों के विस्तार को बताया गया। रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी में कमी आने का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है, हालांकि इसकी गति थोड़ी धीमी रहेगी। 4.20 डॉलर प्रतिदिन की गरीबी रेखा पर के नीचे रहने वाले लोगों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 2026 में 14.2 प्रतिशत से घटकर 2028 तक 12.1 प्रतिशत पर पहुंचने की उम्मीद है। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, जैसे-जैसे गरीबी कम हुई, यह उन परिवारों के बीच अधिक केंद्रित होती गई, जिनका शिक्षा का स्तर कम था, जिनके पास संपत्ति कम थी, जिन्हें स्थिर रोजगार के अवसर कम मिले थे और जिन पर आश्रितों का बोझ अधिक था। हालांकि, वेतन में असमानता अभी भी काफी अधिक है। 2023 में, सबसे अधिक कमाने वाले 10 प्रतिशत कामगारों की मीडियन कमाई, सबसे कम कमाने वाले 10 प्रतिशत कामगारों की तुलना में लगभग 13 गुना थी।

एसजेवीएन का मुनाफा हुआ दोगुना से अधिक



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एसजेवीएन लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 657.72 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 307.60 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

एथर का लाभ 26 फीसदी बढ़कर 68 करोड़ रुपए

मुंबई। विशेष रसायन बनाने वाली कंपनी एथर इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (सितंबर) तिमाही में 26.62 प्रतिशत बढ़कर 67.99 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 53.95 करोड़ रुपये था। तिमाही में उसकी परिचालन आय 23.95 प्रतिशत बढ़कर 347.21 करोड़ रुपये हो गई।

विपक्षी दलों के बीच एकता की कमी, सीटों के बंटवारे को लेकर टकराव: पात्रा

राहुल गांधी बताएं, रैली में आने वाले लोगों को कहां रोका जा रहा: भाजपा

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और विपक्षी दल 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। पार्टी ने राहुल गांधी के इस आरोप पर सबूत मांगे कि सरकार बाहर से आने वाले लोगों को रोक रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ संबित पात्रा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित किया करते हुए कहा कि विपक्षी दलों के बीच एकता की कमी और संगठनात्मक क्षमता का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन को परिवारवादी दलों का समूह बताते हुए सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी दलों के बीच संभावित टकराव की बात कही। उन्होंने समाजवादी पार्टी द्वारा एमएलसी चुनाव में पांच सीटें जीतने का जश्न मनाने और छह सीटों पर धांधली का आरोप लगाने के बीच विरोधाभास पर भी सवाल उठाए।

अपने गठबंधन दलों के साथ ही समन्वय नहीं

पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी ने मॉक पार्लियामेंट आयोजित नहीं कर पाने के विषय में भी अपनी बात रखी। वहीं, समाजवादी पार्टी ने एमएलसी चुनाव और विपक्षी एकता को लेकर भी अपनी बात रखी है। संभवतः यही कारण रहा कि उन्हें अपनी मॉक पार्लियामेंट स्थगित करनी पड़ी और वे आज इसका आयोजन नहीं कर पाए। हालांकि, उन्होंने भविष्य में मॉक पार्लियामेंट आयोजित करने का ऐलान किया है। वैसे तो वे लोकतंत्र के साथ पहले से ही मॉक कर रहे हैं, लेकिन आज जिस मॉक पार्लियामेंट का आयोजन करना था, उसे अब भविष्य में करने की बात कह रहे हैं। यह स्पष्ट है कि विपक्षी दलों से संगठनात्मक स्तर पर आवश्यक व्यवस्था और समन्वय नहीं हो पा रहा है। यही कारण है कि आज राहुल गांधी ने गलत आरोप लगाया।



सड़कें बंद करने और लोगों को रोकने का सबूत दें

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी का आरोप है कि केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली के बाहर से आने वाले लोगों को रोक रहे हैं और सरकार उन्हें रामलीला मैदान तक पहुंचने नहीं दे रही है। पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी बताएं कि कौन-सा व्यक्ति बाहर से आ रहा है और उसे किस मोड़, किस सड़क या किस नुक्कड़ पर रोका गया है। आज के दौर में लोग मोबाइल फोन से हर घटना की रिकॉर्डिंग कर लेते हैं। मीडिया के साथ-साथ आम लोग भी ऐसी घटनाओं को रिकॉर्ड करते हैं। यदि राहुल गांधी के पास इस बात के सबूत होते कि लोगों को रोका जा रहा है, सड़कें बंद कर दी गई हैं और किसी को आने नहीं दिया जा रहा है, तो क्या वे आज उसका वीडियो नहीं दिखाते? कहीं न कहीं विपक्ष अपनी कल्पना के अनुरूप व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। इसलिए लोगों को आने से रोकने का झूठा आरोप लगाया जा रहा है, जबकि कहीं भी किसी को आने से नहीं रोका जा रहा है। राहुल गांधी इसके सबूत सामने रखें और देश में इस तरह झूठ और भ्रम का वातावरण न फैलाएं।

पहले भी एकजुटता दिखाने का नाटक

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने दावा किया है कि विपक्ष में बहुत एकता है और सभी दल मिलकर यह रैली कर रहे हैं। यह कोई नई बात नहीं है। ये सभी परिवारवादी पार्टियां खुद को देश का मालिक और भारतवर्ष को अपनी संपत्ति समझती हैं। इन्हें लगता है कि देश केवल इनके परिवारों के आधार पर ही चलना चाहिए। पिछले 12 वर्षों में जब भी उत्तर प्रदेश या लोकसभा के चुनाव आए हैं, इन परिवारवादी पार्टियों ने किसी न किसी निर्धारित स्थान पर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर एकजुटता दिखाने का नाटक कई बार किया है।

खरगे पर पीएम मोदी का पलटवार

मैं अपनी अंतिम सांस तक सेवा में जुटा रहूंगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बाप वाली टिप्पणी पर प्रधानमंत्री ने जवाब दिया



नई दिल्ली/संचार जगत

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के मोदी का बाप भी जाएगा वाले विवादित बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलटवार किया है। पीएम मोदी ने कहा कि वह अपनी आखिरी सांस तक भारत के लोगों की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने विपक्ष पर अफवाह फैलाने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी गुजरात के बनासकांठा जिले के भिलडी में 'भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर' का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए आई है।

वे मोदी को बदनाम करना चाहते थे

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें देश के मुश्किल दौर से गुजरने पर खुशी मिलती है। ईरान युद्ध के समय उन्होंने (विपक्ष) अफवाहें फैलाईं कि किसानों को खाद नहीं मिलेगी और लोगों को एलपीजी नहीं मिलेगी,

शेष पेज 5 पर

9.34 करोड़ किसानों के खाते में पहुंचे 2-2 हजार रुपए

दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने देश के करोड़ों किसानों को बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की। इसके तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 2-2 हजार रुपये की राशि भेजी गई। सरकार ने इस किस्त के लिए कुल 18,680 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए हैं।

'एट द टॉप, बुर्ज खलीफा' और 'रिसॉर्ट्स वर्ल्ड सेंटोसा' में ऑनलाइन बुकिंग के लिए यूपीआई की सुविधा शुरू

यूएई और सिंगापुर जाने वाले भारतीय पर्यटक अब यूपीआई के जरिए आसानी से बुकिंग कर सकते हैं

नई दिल्ली/संचार जगत

यूएई और सिंगापुर जाने वाले भारतीय पर्यटक अब यूपीआई का उपयोग करके आसानी से बुकिंग कर सकते हैं। दुनिया के इन दो प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा की योजना बना रहे भारतीय पर्यटक, अब अपने पसंदीदा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ऐप्स का उपयोग करके आसानी से बुकिंग कर सकते हैं और ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। यह कदम दुनिया भर में भारतीय नागरिकों के लिए यात्रा की योजना बनाने को और अधिक आसान बनाता है। अब उन्हें मुद्रा से जुड़ी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

भारत-यूएई-सिंगापुर के बीच साझेदारी

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की अंतरराष्ट्रीय शाखा, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने ऑनलाइन बुकिंग के लिए यूपीआई की सुविधा देने हेतु यूएई और सिंगापुर के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह घोषणा 29 जुलाई 2026 यूएई में और 9 सितंबर 2026 को सिंगापुर में की गई थी। नियोपे और एमार एंटरटेनमेंट के साथ साझेदारी के जरिए 'एट द टॉप, बुर्ज खलीफा' में यूपीआई से भुगतान की सुविधा शुरू की गई है। यह यूएई का पहला ऐसा पर्यटन स्थल है जिसने ई-कॉमर्स के लिए यूपीआई को अपनाया है। सिंगापुर में, प्रमुख पेमेंट संस्थान 'फोमो पे' के सहयोग से 'रिसॉर्ट्स वर्ल्ड सेंटोसा' में भी यूपीआई की सुविधा शुरू की गई है। यह विशेष रूप से ऐसे समय महत्वपूर्ण कदम है जब 2025 में सिंगापुर में 1.2 मिलियन भारतीय पर्यटक पहुंचे थे।

डिजिटल और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे, अब तक 10 देशों में यूपीआई

'एट द टॉप, बुर्ज खलीफा' और 'रिसॉर्ट्स वर्ल्ड सेंटोसा' (जिसमें यूनिवर्सल स्टूडियो सिंगापुर, सिंगापुर ओशनेरियम और एडवेंचर कोव वॉटरपार्क शामिल हैं) जैसे विश्व-स्तरीय पर्यटन स्थलों पर ऑनलाइन खरीदारी के लिए यूपीआई को जोड़ना, भरोसेमंद क्रॉस-बॉर्डर (अंतरराष्ट्रीय) भुगतान की बढ़ती मांग को पूरा करता है। यह भारत और यूएई तथा सिंगापुर के बीच डिजिटल और आर्थिक संबंधों को मजबूत करता है, और भारतीय यात्रियों को आसान, सुरक्षित और परिचित वित्तीय माध्यम उपलब्ध कराता है। 26 जनवरी 2024 को भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए एफिल टॉवर का टिकट खरीदने की सुविधा शुरू की गई थी। दस देशों में यूपीआई स्वीकार किया जाता है। इन देशों में सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, कतर, श्रीलंका, कंबोडिया और ग्रीस शामिल हैं। इससे भारतीय यात्री विदेशों में भी यूपीआई के जरिए आसानी से भुगतान कर सकते हैं। 30 अगस्त 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उज्बेकिस्तान यात्रा के दौरान व्यावसायिक समझौते के बाद, उज्बेकिस्तान इस सूची में शामिल होने वाला 11वां देश बनने जा रहा है।

स्क्वाड्रन में शामिल हुए आईएनएस तीर, सुजाता और सारथी जैसे तीन जहाज

नौसेना की पहली प्रशिक्षण स्क्वाड्रन श्रीलंका से हुई रवाना, मजबूत होंगे संबंध

नई दिल्ली/संचार जगत

नौसेना की पहली प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) श्रीलंका के कोलंबो से रवाना हो गई है। जिसमें समुद्री सेना के तीन जहाज आईएनएस तीर, सुजाता और सारथी शामिल थे। भारत के निकट पड़ोसी देश के बंदरगाह की इस सफल यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के बीच सैन्य वार्ता हुई। जिसका एकमात्र उद्देश्य भारत, श्रीलंका के बीच रक्षा सहयोग और साझेदारी को पहले की तुलना में कई अधिक मजबूत बनाना था। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह से तीन जहाजों का प्रस्थान 29 अक्टूबर को हुआ था।

उल्लेखनीय है कि बंदरगाह पड़ाव में 1टीएस के वरिष्ठ अधिकारी ने तीनों जहाजों के प्रमुखों यानी कमांडिंग अधिकारियों के साथ श्रीलंका की नौसेना के पश्चिमी क्षेत्र के कमांडर से मुलाकात की। जिसका निष्कर्ष यही निकला कि दोनों देशों की नौसेनाओं ने द्विपक्षीय संबंधों, समुद्री सहयोग को चाक-चौबंद बनाने के लिए साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।



चीन की उग्रता के बीच अहम यात्रा

रक्षा क्षेत्र के जानकारों की राय में नौसेना की प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन की यह यात्रा हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच खासा महत्व रहती है। जो कि एक प्रकार से ड्रैगन को भारत की तरफ से अप्रत्यक्ष रूप से दिया गया संदेश है। जिसमें यह बताया गया है कि इलाके में नई दिल्ली की नौसेना की भी चौबीसों घंटे सतर्कता के साथ कड़ी निगरानी बनी हुई है। कोलंबो पड़ाव में 1टीएस ने त्रिंकोमाली में नौसेना एवं समुद्री अकादमी का दौरा किया व अपने समकक्षों के साथ बातचीत की। जवाब में श्रीलंका की नौसेना के कैडेटों ने भारतीय जहाजों का दौरा कर उनमें मौजूद प्रशिक्षण सुविधाओं, अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की है।

युद्धाभ्यास में लिया भाग

नौसेना ने बताया कि कोलंबो से निकलते वक्त प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के जहाजों ने श्रीलंका के एसएलएनएस नंदीमित्र के साथ एक पैसेज (पीएएसएसईएक्स) युद्धाभ्यास भी किया। इस सैन्य गतिविधि की मदद से समन्वित समुद्री अभ्यास को बढ़ावा मिला और दोनों समुद्री सेनाओं के मध्य परिचालन समन्वय, पारस्परिक कार्यक्षमता में वृद्धि हुई है। स्क्वाड्रन की यह यात्रा भारत-श्रीलंका की दीर्घकालिक समुद्री साझेदारी को प्रमाणित करती है। साथ ही यह नई दिल्ली के महासागर विजन के तहत क्षेत्रीय समुद्री सहयोग और क्षमता निर्माण के प्रति साझा प्रतिबद्धता को भी मजबूती के साथ प्रदर्शित करती है।

31 अक्टूबर को उनकी सेवानिवृत्ति से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन

एयरचीफ मार्शल सिंह को रेसकोर्स एयरफोर्स स्टेशन पर दिया जाएगा विदाई गार्ड ऑफ ऑनर

नई दिल्ली/संचार जगत

वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्हें राष्ट्रीय राजधानी स्थित वायुसेना के रेसकोर्स स्टेशन के परेड ग्राउंड में विदाई गार्ड ऑफ आर्नर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास के बेहद करीब इस विशाल स्टेशन परिसर में होने वाला यह कार्यक्रम एक ऐसे समय पर हो रहा है। जब बीते दिनों केंद्र सरकार ने रेसकोर्स एयरफोर्स स्टेशन परिसर में मौजूद एक खेल सुविधा को बंद कर दिया था। मामले के जानकार लोगों ने बताया कि केंद्र के इस कदम के पीछे उक्त खेल सुविधा की लीज समाप्त होना अहम वजह थी। जिसमें सरकार ने केवल रेस कोर्स की ही नहीं बल्कि उसके आसपास के इलाकों में मौजूद कुछ अन्य सुविधाओं पर भी पाबंदी लगा दी थी। रेसकोर्स स्टेशन पर ही वायुसेना के नए प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को भी 1 नवंबर को अपना दायित्व संभालने के ठीक अगले दिन गार्ड ऑफ आर्नर दिया जाएगा।

केंद्र ने कुछ दिन पहले स्टेशन परिसर में मौजूद खेल सुविधा को बंद कर दिया था

राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात



एयरचीफ मार्शल सिंह ने शुक्रवार को तीनों सशस्त्र सेनाओं की शीर्ष कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। जिसमें उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरिता सिंह भी उपस्थित रहीं। राष्ट्रपति भवन कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी है। इसके पूर्व में मौजूदा सप्ताह की शुरुआत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी वायुसेनाप्रमुख को उनकी सेवानिवृत्ति से ठीक पहले विदाई दी थी।

रक्षा मंत्री ने योगदान को सराहा

विदाई कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने एयरचीफ मार्शल सिंह की 42 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा, नेतृत्व सहित वायुसेना और राष्ट्र के लिए किए गए सराहनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पहलगाम हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान का सफल संचालन करने व वायुसेना की युद्धक क्षमताओं को मजबूत बनाने में निभाए गए योगदान के लिए वायुसेनाप्रमुख का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीडीएस, सेना, नौसेना के प्रमुख और रक्षा सचिव अपनी धर्म पत्नियों के साथ शामिल हुए। 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्ति से पहले एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद विदाई गार्ड ऑफ आर्नर का निरीक्षण करेंगे।

सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज 'बाइनेंस' पर साइबर हमला

उत्तर कोरियाई हैकर्स ने 20 मिनट में 60 हजार करोड़ रुपए किए 'गायब'

नई दिल्ली/संचार जगत

दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज 'बाइनेंस' पर अब तक का सबसे बड़ा साइबर हमला हुआ है, जिसमें करीब 60000 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम चोरी हो गई है। अमेरिका की ब्लॉकचेन इन्वेस्टिगेशन फर्म टीआरएम लैब्स के मुताबिक यह इतिहास में वर्चुअल करेंसी की अब तक की सबसे बड़ी चोरी है। हमलावरों ने बेहद चालाकी से बाइनेंस के वॉलेट्स से करीब 6.36 अरब डॉलर की रकम महज 20 मिनट के भीतर 10 अलग-अलग ब्लॉकचेन पर ट्रांसफर कर ली। टीआरएम लैब्स ने कहा है कि उनके पास पुख्ता डिजिटल सबूत हैं, जिनके आधार पर वे पूरे भरोसे के साथ कह सकते हैं कि इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया का 'ट्रेडरट्रेटर' नाम का हैकिंग ग्रुप



है। ब्लॉकचेन कंपनी चेनैलिसिस के सह-संस्थापक जोनाथन लेविन ने भी यही आशंका जताई है। बाइनेंस ने फौरन एक्शन लेते हुए अपने ब्लॉकचेन पार्टनर्स के साथ मिलकर करीब 3 अरब डॉलर के प्रभावित फंड्स को फ्रीज कर दिया और भरोसा दिलाया है कि वे डूबे हुए पैसे को वापस लाने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों और इंडस्ट्री के दिग्गजों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस नुकसान की भरपाई के लिए 6.34 अरब डॉलर के फंड का रिजर्व अलग रख लिया है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।